
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें
जवाहर मार्केट
फ्रेंड्स कलेक्शन
930144443



वर्ष- 15 अंक - 173 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 7 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### मोदी कल बस्तर दौरे पर, जनसभा को करेंगे संबोधित



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद से ही भाजपा के दिग्गज नेता लगातार अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं। पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गज नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। इसी कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी कल बस्तर जिले के दौरे पर आएंगे। जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी कल यानी सोमवार को बस्तर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी बस्तर जिले में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी अपने बस्तर जिले के दौरे के दौरान भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के पक्ष में प्रचार करेंगे और जनता से भाजपा को सभी 11 सीटों में जीत दिलाने की अपील करेंगे।

### एमबीबीएस में दाखिले के नाम पर की लाखों की ठगी

**सूरजपुर।** नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले आए दिन सामने आते रहते है। बावजूद इसके ये शातिर ठग किसी न किसी तरीके से लोगों को अपना निशाना बना लेते हैं। ऐसा ही एक मामला सूरजपुर के जयनगर से सामने आया है। जहां एक शातिर ठग ने एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। दरअसल, सूरजपुर के जयनगर थाना क्षेत्र से जिले में मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर आरोपी ने 5 लाख रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसके बाद ठगी का आभास होने के बाद पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जयनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उत्तरप्रदेश के मथुरा से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं बताया गया कि एक आरोपी अब भी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना अपराध कबूल कर लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### रेलवे की महिला अफसर ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** रेलवे विभाग से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। यहाँ रेलवे कॉलोनी में रहने वाली एक महिला अधिकारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। मृतका का नाम विनीता साहनी बताया जा रहा हैं। विनीता रेलवे की कॉमर्शियल इंस्पेक्टर थी। सूचना पर तोरवा की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी हैं। विनीता साहनी बिलासपुर के एनआई कॉलोनी में रहती थी। फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला हैं। आत्महत्या किन वजहों से की गई इसकी जाँच शुरू कर दी गई हैं।

### ट्रेलर-ट्रक भिड़े, भीषण आगजनी से जाम हुआ एनएच

**कवर्धा।** नेशनल हाईवे 30 पर बीती रात तेज रफ्तार ट्रेलर और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। यह टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई। हादसा होने के बाद दोनों वाहनों के ड्राइवर मौके से फरार हो गए। वही रोड पर दोनों वाहन जलकर खाक हो गए। घटना स्थल पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आकर काबू पाया। इस घटना से नेशनल हाईवे घंटों जाम रहा।

# नांदगांव में कितना सटीक बैठेगा गणित!

## पिछड़ा वर्ग बाहुल्यता और 8 में से 5 विस सीटों पर जीत का कितना लाभ मिल पाएगा कांग्रेस को?

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। हाई प्रोफाइल मानी जा रही राजनांदगांव लोकसभा सीट में इस बार कांटे की टक्कर है। कांग्रेस ने क्षेत्रीय परिस्थितियों और जातीय समीकरणों को देखते हुए यहां से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उतारा है। राजनांदगांव की 8 विधानसभा सीटों में से 5 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। इसके अलावा यह सीट पिछड़ा वर्ग बाहुल्यता वाली है। जबकि भूपेश बघेल पिछड़ा वर्ग से कांग्रेस का सबसे बड़ा और लोकप्रिय चेहरा हैं। इन्हीं परिस्थितियों के चलते कांग्रेस को यहां जीत की महक आ रही है। हालांकि भाजपा को मोदी की लहर और संतोष पाण्डेय पर पूरा भरोसा है। भाजपा ने पाण्डेय को दोबारा मौका दिया है। विधानसभा के नतीजों के आधार पर देखें तो यह सीट कांग्रेस के लिए सुरक्षित मानी जा रही है। इसलिए भी, क्योंकि भाजपा प्रत्याशी सामान्य वर्ग से हैं।

### आरोप-प्रत्यारोप का दौर




चुनाव के लिए नामांकन दाखिले के अंतिम दिन तक कुल 23 प्रत्याशी मैदान में थे। नाम वापसी का कल 8 अप्रैल को अंतिम दिन है। इसके बाद स्थितियां स्पष्ट होगी कि यहां से कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। लेकिन इससे पहले ही भाजपा व कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय नेता प्रचार के मैदान में तेजी से सक्रिय हो रहे हैं। स्टार प्रचारकों का दौरा भी शुरू होने जा रहा है। अब तक आरोप-प्रत्यारोपों में ही पूरा प्रचार अभियान केंद्रित है। स्थानीय मुद्दों की कोई बात ही नहीं कर रहा। क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार व यात्री सेवा में बढ़ोतरी के अलावा उच्च शिक्षा, रोजगार, सिंचाई, राजनांदगांव को संभाग का दर्जा, सड़क परिवहन, स्वास्थ्य व खेल से जुड़ी प्रमुख मांगों को दोनों दल भूल ही गए हैं। दोनों दलों के नेता या तो अपनी उपलब्धियां गिना रहे हैं या फिर दूसरे के खिलाफ आरोपों की बौछार कर रहे हैं।

### ग्रामीण मतदाता होंगे निर्णायक

लोकसभा चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता निर्णायक हो सकते हैं। संसदीय क्षेत्र में कुल 18 लाख 65 हजार 175 मतदाता है। इनमें 10 लाख से अधिक गांवों में रहते हैं। यही कारण है कि दोनों दलों का जोर अब तक गांवों में ही है। विशेषकर भूपेश का प्रचार अभियान का केंद्र ही गांव है। वहीं, शहरी मतदाताओं को भी साधने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। हालांकि पार्टी के न्याय संकल्प (घोषणा पत्र) का अभी जमीनी स्तर पर प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा है। कांग्रेस की ओर से महंगाई, बेरोजगारी व केंद्रीय एजेसियों के दुरुपयोग का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जा रहा है। भाजपा का पूरा फोकस कमजोर ग्रामीण बूथों के अलावा कम बढ़त वाले शहरी क्षेत्रों पर भी हैं। मैदानी टीम द्वारा महतारी वंदन, धान का समर्थन मूल्य, दो वर्ष का बकाया बोनस प्रधानमंत्री आवास के साथ ही मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई जा रही है।

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल दुर्ग जिले की पाटन सीट से विधायक हैं। स्वयं बघेल भी दुर्ग के ही रहने वाले हैं। दुर्ग लोकसभा सीट पर अभी भाजपा का कब्जा है। यहां भूपेश बघेल के भतीजे विजय बघेल सांसद हैं। उन्हें भाजपा ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। मजे की बात है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने भूपेश के सामने विजय बघेल को उतारा था। उस वक्त भूपेश मुख्यमंत्री थे। लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है। ऐसे में कांग्रेस ने भी चुन-चुनकर गोटियां बिठाई है। जाहिर है कि भूपेश बघेल की मौजूदगी से राजनांदगांव में भाजपा को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के लिए भी विधानसभा चुनाव में मिली बढ़त को बनाए रखना आसान नहीं होगा। गौरतलब है कि भाजपा ने पंडरिया सीट 26 हजार 398, कवर्धा 39 हजार 592 और राजनांदगांव सीट 45 हजार 84 मतों से अंतर से जीती थी। इन सीटों पर भाजपा ने कुल एक लाख 11 हजार 74 मतों से विजय पाई थी। दूसरी ओर, कांग्रेस ने पांच सीटें जीतकर कुल 80 हजार 475 मतों का बढ़त हासिल की थी। इसमें खैरागढ़ में 5,634, डोंगरगढ़ में 14 हजार 367, डोंगरगांव से 2,789, खुज्जी से 25 हजार 944 व मोहला-मानपुर से 31 हजार 741 मतों की बढ़त शामिल है।

### एक ही दिन में खरीदे गए थे 210 फार्म

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के एक आह्वान के बाद राजनांदगांव में एक ही दिन में 210 फार्म खरीदे गए थे। हालांकि नामांकन दाखिले के अंतिम दिन तक ये नामांकन जमा नहीं कराए गए। कांग्रेस प्रत्याशी बघेल ने पाटन की एक सभा में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा था कि लोकसभा सीट पर यदि 384 प्रत्याशी उतरते हैं तो ईवीएम की बजाए बैलेट पेपर पर मतदान हो सकता है। बघेल के इस बयान का असर अन्य किसी सीट पर तो नहीं हुआ, लेकिन राजनांदगांव में सैकड़ों की संख्या में लोग नामांकन फार्म लेने निर्वाचन कार्यालय पहुंच गए। हालांकि इन लोगों ने नामांकन दाखिल करने में उतनी दिलचस्पी नहीं दिखाई और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि तक कुल 23 लोग ही मैदान में शेष बचे। अब नाम वापसी की अंतिम तिथि कल 8 अप्रैल को ही तय होगा कि क्षेत्र से कितने प्रत्याशी मैदान में हैं।

### यह है कांग्रेस का समीकरण

राजनांदगांव लोकसभा सीट के अंतर्गत 8 विधानसभा सीटें आती हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खाते में पांच सीटें आई थी। जबकि बीजेपी को 3 सीटों पर जीत मिली थी। राजनांदगांव लोकसभा सीट से अभी बीजेपी के संतोष पांडेय सांसद हैं। बीजेपी ने यहां से फिर से मौजूदा सांसद को ही टिकट दिया है। यह राज्य का वह क्षेत्र है जहां ओबीसी वोटर्स बड़ी संख्या में हैं। विधानसभा के नतीजों के अनुसार यह सीट कांग्रेस के लिए सुरक्षित मानी जा रही है। बीजेपी ने यहां से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार संतोष पांडेय को उतारा है ऐसे में पार्टी भूपेश बघेल पर दांव खेलकर ओबीसी वोटर्स को साधने की कोशिश की है। भूपेश बघेल, राज्य में ओबीसी के सबसे बड़े चेहरे हैं। वहीं, पूर्व सीएम की लोकप्रियता को भी पार्टी भुनाना चाहती है।


## दुपहिया चोर गिरोह का पर्दाफाश: 6 आरोपियों से 55 मोटर सायकिल जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार।** भाटापारा पुलिस ने चोरों के बड़े गिरोह को गिरफ्तार किया है। यह सभी बाइक चोर हैं जिन्हें पुलिस ने 55 मोटर सायकल के साथ गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी की वारदात बढ़ गयी थी जिसके शिकार लोग रिपोर्ट लिखाने आये दिन थाने पहुँच रहे थे। मामले की गम्भीरता को देखते हुए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने पतासाजी कर गिरोह के मुख्य सरगना मैकेनिकल इंजीनियर अमन खान को पकड़ने में पुलिस को सफलता हासिल की। यह फर्जी आरसी बुक का डिजाइन करके ग्राहकों को चोरी की मोटर सायकिल बिक्री करवाता था। ग्राहकों को एफेडेविट देता था और अमन ही आरसी बुक बनाकर बाइक की सेलिंग कर देता था। गिरोह में एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नाबालिग है।

## बैंकों में लाइन लगाने की झंझट से मिलेगी मुक्ति, अब यूपीआई के माध्यम से सीडीएम में जमा कर सकेंगे नगदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यूपीआई का इस्तेमाल कर कैश डिपॉजिट मशीन के माध्यम से बैंक खाते में नकदी जमा करने की बड़ी सुविधा देने का एलान किया है। इससे बैंकों में कतार में लगकर नकदी जमा करने का इंतजार करने वाले ग्राहकों को बड़ी राहत मिलेगी। वे बैंकों की कतार में लगे बिना नकदी जमा करने वाली मशीन (सीडीएम) में यूपीआई के जरिये की नकद जमा कर पाने में सक्षम होंगे। आरबीआई गवर्नर ने शुक्रवार को एमपीसी की बैठक के बाद अपने संबोधन में इसकी जानकारी दी है।




### कैसे काम करेगी नई सुविधा?

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यूपीआई का इस्तेमाल करते हुए कार्डलेश तरीके से एटीएम से पैसे निकालने की सुविधा के अनुभव को देखते हुए केंद्रीय बैंक ने अब सीडीएम मशीन में नकद जमा करने के लिए भी ऐसी ही सुविधा देने की मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा है। इसका मतलब है कि अब ग्राहक बैंकों की कतार में लगे बिना यूपीआई का इस्तेमाल कर सीडीएम मशीन में नकद जमा कर सकेंगे। यह उपाय ग्राहकों की सुविधा को नए स्तर पर ले जाएगा और बैंकों में मुद्रा हैंडलिंग प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह भी कहा कि आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, बैंकों की शाखाओं में सीडीएम लगाई जाएंगी। इससे शाखाओं पर भार कम होगा। यहां गौर करने वाली बात यह है कि आरबीआई ने अभी सीडीएम में यूपीआई के जरिए कैश जमा करने से जुड़ी विस्तृत जानकारी जारी नहीं है। पर, जल्द ही यह जानकारी सार्वजनिक की जा सकती है।

### यूपीआई के जरिए सीडीएम में कैसे जमा होगी नगदी?

- यूपीआई के जरिए नकदी जमा करने की सुविधा हासिल करने के लिए आपको ऐसी ब्रांच या एटीएम पर जाना होगा, जहां कैश डिपॉजिट मशीन यानी सीडीएम लगी हो।
- सीडीएम मशीन में आपको यूपीआई नकद जमा का विकल्प चुनना होगा
- फिर आपको वह राशि दर्ज करनी होगी जिसे आम सीडीएम मशीन में जमा करवाना चाहते हैं
- इसके बाद आपको अपने फोन पर यूपीआई एप खोलकर सीडीएम स्क्रीन पर दिख रहे क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा।
- अब सीडीएम मशीन आपको नकदी मशीन में डालने की सुविधा देगा। इसके बाद आप नकदी जमा करने के लिए अपने पास मौजूद करेंसी नोटों को मशीन में डालें
- लेनदेन पूरा होने के बाद मशीन और आपके यूपीआई एप पर इस बात की पुष्टि की जाएगी कि आपका पैसा जमा हो गया है।

## नक्सलियों से बंदूक छोड़ने की अपील, आत्मसमर्पण करने वालों का सरकार रखेगी ख्याल- सीएम साय



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सल मामलों को लेकर जवानों को सफलता मिल रही है। इस बीच सरकार के द्वारा नक्सलियों के आत्म समर्पण को लेकर चलाई जा रही योजनाओं से धीरे-धीरे नक्सली जुड़ रहे हैं। जिसे लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय? ने एक कार्यक्रम के दौरान बीते दिनों बीजापुर में हुई नक्सली मुठभेड़ में जवानों को मिली बड़ी सफलता को लेकर तारीफकरते हुए नक्सलियों से मुख्य धारा में जुड़ने के लिए आत्मसमर्पण करने की अपील की है।

लगातार नक्सलवाद को लेकर जवानों को मिल रही बड़ी सफलता पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा है कि हम तेजी से नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार से बहुत जल्द नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा। इस बीच उन्होंने कहा की हम नक्सली मुद्दे पर शक्ति से कम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक के इतिहास में आठ नक्सली मारे गए थे। लेकिन हमारी सरकार आने के बाद पहली बार 13 नक्सली मारे गए हैं और उनके पास से एक-47 जैसे बड़े हथियार मिले हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे नक्सलियों के खिलाफ अभियान को लेकर कहा कि हम लगातार नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अभियान चला रहे हैं। जो भी नक्सली समाज की मुख्य धारा से जुड़ना चाहता है वह सामने आए और आत्मसमर्पण करें। सीएम साय ने कहा कि हम भरोसा दिलाते हैं कि सरकार उनका उचित ख्याल रखेगी और उनका पुनर्वास करेगी।

## ये फ्लाइट है बस नहीं कि छत पर बैठ जाओगे

श्रीकंचनपथ




बिलासा एयरपोर्ट पर हंगामा हो गया। अलायंस एयरवेज के पायलट ने वजन का हवाला देते हुए 10 यात्रियों को फ्लाइट से उतारने का निर्देश दे दिया। फिर क्या था, हंगामा खड़ा हो गया। ये एक 72 सीटर प्लेन है जिसपर बिलासपुर एयरपोर्ट से सवार हुए यात्रियों को मिलाकर कुल 68 सवारियां हो रही थीं। पर एयरक्राफ्ट के लिए इनका भी वजन ज्यादा हो रहा था। लिहाजा पायलट ने साफ मना कर दिया। एक होता है यात्रियों का हेडकाउंट अर्थात गिनती, दूसरा होता है उनका गर्थ अर्थात आकार और तीसरा होता है उनका वजन। एयरक्राफ्ट ही क्यों, तमाम इमारतों में लगने वाली लिफ्ट भी वजन के हिसाब से ही चढ़ती-उतरती हैं। आधुनिक लिफ्ट में साफ-साफ लिखा होता है कि इतने आदमी या कुल इतना वजन। लिफ्ट का आकार भी इतना ही बड़ा होता है कि हिसाब से ज्यादा लोग न हों। हालांकि लिफ्ट के साथ बहुत कम ही ऐसा होता है कि उसमें जरूरत से ज्यादा लोग एक साथ सवार हो जाएं। पर जब-जब ऐसा होता है, लिफ्ट चलने से इंकार कर देती है। पुराने जमाने की लिफ्ट में इतने सेंसर नहीं होते। वह ज्यादा बोझ लेकर चल तो पड़ती है पर चार कदम चलकर ही ठहर जाती है। फिर बाहरी मदद से लिफ्ट को नीचे या ऊपर के फ्लोर तक ले जाया जाता है और लोग उतर जाते हैं। पर हवाई जहाज के साथ ऐसा नहीं हो सकता। एक बार जमीन छोड़ दी तो या तो वह अपनी फ्लाइट पूरी कर लैंडिंग करेगा या फिर कटी पतंग की तरह धरती पर आ गिरेगा। वैसे अपने इंडिया में लोग बड़े कमाल के होते हैं। स्कूटर पर पांच-सात लोगों को लेकर चलने का रिकार्ड बनाने वाले यहां एक ढूंढो दस मिलेंगे। कार की सीटों पर लोगों को बैठाने के बाद डिकी खोलकर वहां बच्चे डाल देने वाले भी मिल जाएंगे। देश के कुछ राज्यों में तो लोग बसों की छत पर बैठकर सफर करते हैं। कहा जाता है कि जनानियां बस के भीतर और मर्द सारे ऊपर। यह संस्कारों के हिसाब से भी ठीक है। बीड़ी-वीड़ी पीने की भी सुविधा रहता है। पान-खैनी खाकर थूकना भी आसान होता है। कुछ राज्यों में ट्रेन की खिड़की से दूध के पीपे लटका दिये जाते हैं जो अकेले-अकेले राजधानी के दूध संयंत्र तक का सफर तय कर लेते हैं। पर यह सब फ्लाइट में नहीं चलता। यहां सबकुछ प्लेन की बॉडी में ही पैक होता है - सामान भी और इंसान भी। जब वजन होता है तो उसमें सबका वजन शामिल होता है। जानकारों को पता होगा कि देश का परिवहन सिस्टम केवल माल ढोने के लिए बना है। सवारियां इसमें पुरौनी हैं। जब ट्रेनें लेट और निरस्त हो रही थीं तब भी मालगाड़ियां बिंदास चल रही थीं। पानी जहाज भी सामान ढोने के लिए बनी हैं। हवाई जहाजों के साथ भी ऐसा ही है। यहां भी यात्री पुरौनी ही है।




## संपादकीय

# कांग्रेस की घोषणाएं

> मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने उन सभी विवादित और चर्चित मुद्दों को अपने चुनावी घोषणापत्र में जगह दी है, जिनकी चर्चा हमारी राजनीति में लगातार होती आई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने चुनावी घोषणापत्र जारी करने के साथ ही अपना आगामी एजेंडा सामने रख दिया है। कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों, संविधान, अर्थव्यवस्था, संघवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यावरण पर ज्यादा ध्यान देने की कोशिश हुई है।

पिछड़ी जातियों के उत्थान के प्रति कांग्रेस की घोषणाएं विशेष रूप से चर्चा का विषय बन रही हैं। बेशक, संविधान लागू होने के इतने साल बाद भी जातिगत भेदभाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और इसे खत्म करने के लिए देश की आने वाली सरकारों को सकारात्मक उपायों के साथ काम करना होगा। अपने घोषणापत्र में कांग्रेस ने इस मंशा को जाहिर करने की कोशिश की है। विकास की दौड़ में पीछे रह गए लोगों के लिए हर पार्टी को पहल करनी ही चाहिए।

एक बड़ी घोषणा यह है कि संविधान संशोधन के जरिये आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा। यदि अगली सरकार इस दिशा में विधायी कदम उठाती है, तो यह स्वागतयोग्य है। वास्तव में, बिहार की जातिगत जनगणना से साफ हो गया है कि पिछड़ी जातियों को उनकी आबादी के हिसाब से आरक्षण नहीं मिल पा रहा है। अत: आबादी के अनुपात के साथ आरक्षण की विसंगतियों को दूर करने को कांग्रेस ने जरूरी माना है। पार्टी ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए भी 10 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का वादा किया है। कांग्रेस ने भाषायी और धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए संविधान में दिए गए अधिकारों को बनाए रखने का वचन दोहराया है। यह एक ऐसा मोर्चा है, जहां कांग्रेस निरंतर भाजपा को चुनौती दे रही है। नई बात यह है कि चुनाव जीतने पर पार्टी संबंधित समुदायों की भागीदारी और सहमति से 'पर्सनल लॉ' में सुधार को प्रोत्साहित करेगी। मतलब, समान नागरिक संहिता का विषय आने वाले समय में प्रासंगिक बना रहेगा। यहां हम सभी पार्टियों से समझदारी की उम्मीद करेंगे। वाकई, समाज को समग्रता में देखने की जरूरत है और यहां किसी को भी शिकायत का मौका नहीं मिलना चाहिए।

कांग्रेस का एलजीबीटी समूह से किया गया वादा भी उल्लेखनीय है, पर उससे भी खास है रोजगार संबंधी वादा। कांग्रेस रोजगार की बात लगातार कर रही है और इससे वोट जुटाने में उसे सुविधा होगी। उसने युवा न्याय कार्यक्रम के साथ बेरोजगारी से युद्ध स्तर पर निपटने का वादा किया है। प्रत्येक गरीब भारतीय परिवार को सालाना एक लाख रुपये देने के लिए महालक्ष्मी योजना की भी चर्चा हो रही है। कांग्रेस महिलाओं को भी लुभाने की पूरी कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने वादा किया है कि सत्ता में आने पर वह लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण को तत्काल लागू करेगी। खास यह भी है कि कांग्रेस ने 2025 से महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की 50 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित करने का वादा किया है। इतना ही नहीं, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का भी वादा किया गया है। बुनियादी रूप से लोकतंत्र को बचाने, भय दूर करने और स्वतंत्रता बहाल करने का वादा तो वह लगातार करती आई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन व्यवस्था में सुधार, चीन से जमीन वापस लेने, अग्निपथ योजना को खत्म करने का वादा भी प्रत्याशित है। कुल मिलाकर, कांग्रेस के वादे समकालीन राजनीति और भाजपा को संबोधित हैं। अब हम इससे भी व्यापक घोषणापत्र की उम्मीद सत्तारूढ़ पार्टी से कर सकते हैं। जब सारी घोषणाएं सामने आ जाएंगी, तब घोषणाओं की तुलना का रोचक होना तय है।

## नजरिया

> चीन ने हाल ही में एक बचकानी हरकत करते हुए अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों को नए नाम देने की हरकत की है। इन नामों की सूची चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित भी कर दी। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने यह सूची अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी डाली हुई है।

# अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन

प्रमोद भार्गव

चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना अनैतिक दावा जताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस हरकत पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि 'अरुणाचल भारतीय राज्य था, है और भविष्य में भी रहेगा। नाम बदलने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। यदि मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वह मेरा हो जाएगा ?' चीन ऐसी हरकत करते हुए 2017, 2021 और 2023 में भी जारी कर चुका है। चीन ने अरुणाचल क्षेत्र में अवैधानिक रूप से गांव बसाने के भी प्रयास किए हैं। चीन अपने मानचित्रों में भी अरुणाचल को अपना बताने की कोशिश करता रहा है। चीन की इन हरकतों की शुरुआत तब हुई, जब 9 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। चीन की ये सब हरकतें उसकी विस्तारवादी नीति की कुटिल मंशाएं दर्शाती हैं।

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के शिखर क्षेत्र त्सारी चू में गांव बसाने की कोशिश भी हुई थी। तिब्बत के दक्षिणी क्षेत्र जंगनान से जुड़ी नीति में भी कोई परिवर्तन नहीं किया है। चीन ने दृढ़तापूर्वक कहा है कि जंगनान क्षेत्र (जो कि भारत का अरुणाचल प्रदेश है) है, उसके साथ अरुणाचल प्रदेश के अस्तित्व को भी कोई मान्यता नहीं देता है। मसलन संपूर्ण अरुणाचल को चीन विवादित क्षेत्र मानकर चल रहा है। करीब तीन साल पहले चीन ने अरुणाचल की वास्तविक सीमा के करीब 4.5 किलोमीटर अंदर घुसकर 101 नए घर बनाकर पूरा एक गांव बसा लिया है। यह गांव अरुणाचल के सुबनसिरी जिले में बताया जा रहा है। इस गांव के बसाए जाने के रहस्य का खुलासा उपग्रह से ली गईं तस्वीरों से हुआ था। ये तस्वीरें 1 नवंबर 2020 की बताई जा रही हैं। इनमें यह गांव स्पश्ट दिखाई दे रहा है, जबकि इस समय से एक साल पहले लिए गए उपग्रह चित्रों में यह गांव नहीं है। मसलन गांव इसी समय-सीमा के भीतर बसाया गया है। साफ है, चीन पड़ोसी देषों की संपत्ति हड़पने की हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत की चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा में सुरक्षा के लिहाज से हमेषा षंका व संकट बने रहते हैं। हमारी गुप्तचर संस्थाएं भी सबसे ज्यादा इसी सीमा पर सक्रिय रहती हैं। बावजूद इतना बड़ा गांव बसा लेने की जानकारी एजेंसियों को नहीं मिली तो इस कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है ? जबकि पिछले दस सालों में हम उपग्रह से लेकर अन्य तकनीकी क्षेत्र में सक्षम हुए हैं। हालांकि बाद में उपग्रह विशेषज्ञों ने ही गांव बसा लेने की तस्वीरों की विश्वसनीय जानकारी दी थी। वस्तुत: अरुणाचल पर भारत का रुख शुरू से ही दो टूक रहा है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा है।

चीन ने ऐसी ही फिजूल की हरकत करते हुए 28 अगस्त 2023 को 'मानक मानचित्र' का नया संस्करण जारी किया था। इसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन सहित भारत के कई भूखंडों को अपने नक्षे में चित्रित किया है। चीन लद्दाख से लेकर अरुणाचल, सिक्किम और भूटान क्षेत्रों में विभिन्न तरीकों से घुसपैठ करके भारत को परेशानी में डालने का काम पैदा करता ही है, साथ ही वह बीच-बीच में अपने नक्षे में भारतीय जमीन को दिखाकर दस्तावेजी बदलाव की हरकतें भी करता रहता है। लगता है उसके अजेंडे में अवांछित गतिविधियां जारी रखते हुए भारत को चिढ़ाने की आदत सी बन पढ़ गई है। स्वाभाविक है भारत ने इस हरकत का कड़ा विरोध किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि 'भारतीय क्षेत्र पर बेतुका दावा करने से कोई हिस्सा चीन का नहीं हो जाता। चीन की यह पुरानी आदत है। लेकिन इससे मौके पर वास्तविकता बदलने वाली नहीं है। हमारी सरकार ठीक से जानती है कि हमारी सरहद कौनसी है।' यह कितनी हस्यास्पद बात है कि कोई देश पड़ोसी देश को उसकी सीमाएं बताने की हिमाकत कर रहा है ? चीन की ये हरकतें सीमाई विवादों को सुलझाने की बजाय और उलझाने का काम कर रही हैं।

यह पूरी दुनिया जानती है कि अरुणाचल और अक्साई चिन भारत के अविभाज्य हिस्से हैं। लिहाजा अपनी मंशानुसार बनाया गया कोई भी मानचित्र जमीनी सच्चाई को बदल नहीं सकता। चीन ऐसी हरकतें लगातार दोहराता रहा है। उसने गूगल अर्थ से होड़ बररते हुए एक ऑनलाइन मानचित्र सेवा कुछ साल पहले शुरू की थी। जिसमें भारतीय भू-भाग अरुणाचल और अक्साई चिन को चीन ने अपने हिस्से में दर्शाया था। विश्व मानचित्र खण्ड में इसे चीनी भाषा में दर्शाते हुए अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताया गया था, जिस पर चीन का दावा पहले से बना हुआ है। वह अरुणाचलवासियों को चीनी नागरिक भी मानता है। उसने इसी क्रम में अरुणाचल के कुछ खिलाड़ियों को नत्थी वीजा जारी करने की हरकत की थी। नतीजतन भारत ने इन खिलाड़ियों के साथ अन्य खिलाड़ियों को भी चीन जाने से रोक दिया था। यही नहीं चीन की एक साम्यवादी रुझान की पत्रिका में वहां की एक कम्युनिस्ट पार्टी के नेता का लेख छपा था कि भारत को पांच टुकड़ों में बांट देना चाहिए। अब सवाल उठता है कि भारत इस कुटिल मंशा का जबाव किस लहजे और भाषा में दे? यहां यह भी गौरतलब है कि साम्यवादी देषों की हड़प नीति के चलते ही छोटा सा देष चेकोस्लोवाकिया बरबाद हुआ। चीनी दखल के चलते बरबादी की इसी राह पर नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान हैं। इसी कारण चीन, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीइसी) बना रहा है, उसका लगातार विरोध स्थानीय नागरिक कर रहे हैं। इसी विरोध के चलते चीन के पांच इंजीनियरों को हाल ही में एक आत्मघाती हमले में मार गिराया है। चीन ने पाकिस्तान में संरचात्मक विकास के बहाने कर्ज के जाल में फंसाकर बर्बादी के रास्ते खोले दिए हैं।चीन ने भूटान सीमा पर डोकलाम क्षेत्र में भी जबरन सामरिक महत्व की सड़क बनाने एवं भूटान की सीमा में दो किलोमीटर भीतर घुसकर गांव बसा लिया था। चीन ने नेपाल में भी 150 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर लिया है। सुबनसिरी जिले की सीमा लंबे समय से विवाद का हिस्सा रही है। इसे लेकर सशस्त्र संघर्ष भी हो चुका है।

चीन की हमेशा ही कुटिल निगाह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर रही है। लेकिन अरुणाचल में हस्तक्षेप का प्रयास निरंतर बना हुआ है। 1962 के युद्ध के समय चीन ने भारत के पूर्वोत्तर हिस्से में अपने सैनिकों की सबसे बड़ी टुकड़ी तवांग के मार्ग से ही असम तक पहुंचाई थी। भारत, चीन की इस चालाकी से अच्छी तरह से परिचित है। अतएव पिछले एक दशक में समूचे अरुणाचल प्रदेश में ढांचागत विकास को बहुत तेज किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विकास को लगातार प्रोत्साहित कर रहे है। चीन के लिए यह विकास और भारत सरकार का दो टूक जबाव परेशानी का सबब बन रहा है। अरुणाचल प्रदेश से लगे सीमाई इलाकों में 63 सड़कें भारत सरकार बना रही हैं। इनमें से कई सड़के व पुल तैयार होने के साथ आवागमन के लिए भी खोल दिए गए हैं। नतीजतन भारतीय सैनिकों की सीमा तक पहुंच आसान हो गई है। सनद् रहे कि 1962 में सड़के नहीं होने के कारण ही भारतीय सेना को बहुत नुकसान उठाना पड़ा था। चीन की घुसपैठ रोकने के लिए तवांग समेत अरुणाचल के अन्य सीमा क्षेत्र में भारत ने अपने सैनिकों की संख्या और हथियारों के जखीरे बढ़ा दिए है। इसलिए चीन जिस रास्ते से भी घुसने की कोशिश करता है, उसे सेना तत्काल माकूल जबाव दे देती है। हालांकि चीन की तरफ से भी अपने इलाके में लगातार सड़कें, पुल और सैनिक अड्डे बनाए जा रहे हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# गलती कांग्रेस करती है, फायदा भाजपा उठाती है -सुनीलदास

राजनीति में एक गलती भी भारी पड़ती है। राजनीतिक दल जीता हुआ चुनाव हार जाते है। जब कोई गलती करता है तो कोई उसका फायदा भी उठाता है और बाजी पलट देता है। चुनाव के वक्त तो राजनीतिक दल सामने वाला दल के गलती करने का इंतजार करते रहते हैं। ताकि जैसे ही वह गलती करे उसका फायदा उठा लिया जाए। कांग्रेस और भाजपा में होड़ लगी रहती है कि कौन किसकी गलती का कितना फायदा उठा पाता है। इसमें अक्सर भाजपा ही फायदा उठाती रही है और एक के बाद कई चुनाव जीतती रही है। गलती करने के मामले मे कांग्रेस नेता राहुल गांधी व उसके बड़े नेताओं का कोई मुकाबला नहीं है।

वह हर चुनाव में गलती कर कांग्रेस को खुद हरा देते हैं और दोष भाजपा पर मढ़ते हैं कि भाजपा ने गड़बड़ी कर चुनाव जीता है। जब भी कांग्रेस चुनाव जीतती है तो ईवीएम ठीक रहती है,लेकिन भाजपा चुनाव जीतती है तो ईवीएम मे गड़बड़ी का आरोप लगाती है। इस बार विपक्ष व कांग्रेस नेताओं ने एक नहीं चार गलती की है। सबसे पहले तो लालू यादव ने मोदी का कोई परिवार नहीं कहा तो पीएम मोदी व भाजपा को पूरे देश में माहौल बनाने का मौका मिल गया कि पूरा भारत मोदी का परिवार है। भाजपा तो अब मैं हूं मोदी का परिवार अभियान चला रही है,देश के लोगों भी इस अभियान से जुड़ रहे है। दूसरी गलती राहुल गांधी ने हिंदू ग्रंथों में शक्ति एक शब्द है,कांग्रस इसके खिलाफ लड़ रही है। इस पर भी पूरे देश मे बवाल हुआ कि राहुल गांधी ने आदि शक्ति का अपमान किया है,नारी का अपमान किया है।


इसके बाद भाजपा ने हिमाचल के मंडी से कंगना रनौत को प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने यह ट्वीट कर बवाल मचा दिया कि मंडी में भाव क्या है। इसका फायदा भी भाजपा ने खूब उठाया। कांग्रेस को नारी का सम्मान नहीं करने वाली पार्टी बताया गया। कांग्रेस की सुप्रिया का इसके लिए सफाई देनी पड़ी और कांग्रेस जो सुप्रिया को यूपी से प्रत्याशी बनाने की सोच रही थी, उसे प्रत्याशी नहीं बनाया कि इसको बनाने से तो पार्टी वैसे ही चुनव हार जाएगी। यह बवाल उभी समाप्त हुआ ही था कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता डा.चरणदास महंत ने यह कहकर बवाल खड़ा कर दिया है कि कांग्रेस को मोदी का सिर फोड़ने वाला आदमी चाहिए। यह आदमी भूपेश बघेल हैं। यह कहकर डॉ महंत फंस गए और उनको सफाई देना पड़ी,, माफी मांगनी पड़ी। भाजपा ने इसका पूरा फायदा उठाकर देश व प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ माहौल बना दिया है कि कांग्रेस नेता पीएम मोदी के कितना नफरत करते हैं। जब भी कोई कांग्रेस नेता ऐसी बात कहता है तो इसका फायदा भाजपा व मोदी को होता है। कई चुनावों में हुआ है, इसिलए माना जा रहा है कि भाजपा व मोदी इस बात को चुनाव के दौरान उठाएंगे और फायदा लेने का पूरा प्रयास करेंगे। वैसे भी यहां कांग्रेस का प्रदर्शन लोकसभा चुनाव मं अच्छा नहीं रहा है.। वह कम से कम एक सीट व ज्यादा से ज्यादा दो सीट ही जीत पाती है। बड़े नेताओं के चुनाव नहीं लड़ने व स्थनीय प्रत्याशी खड़े नहीं करने का कारण वैसे ही कांग्रस की हालत खराब बताई जा रही है। अब डॉ.महत के बयाने के बाद माना जा रहा है कि कांग्रेस तो एक सीट भी नहीं जीत सकेगी। वैसे को सबक लेने के लिए एक गलती काफी होती है लेकिन कांग्रेस ऐसी पार्टी है कि वह कई गलती करके भी कोई सबक नहीं लेती है। इसकी वजह यह है कि कांग्रस ने गलती न हो इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई है। पीएम मोदी के खिलाफ सिर्फ राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व एम खरगे ही बोलेंग, ऐसी व्यवस्था ही बना दी गई होती तो कांग्रेस कई चुनाव जो हारी नही हारती। पीएम मोदी के खिलाफ जिसके मन मे जो आ रहा है बोले जा रहा है और इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ रहा है।

# वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की पूरी गिनती की मांग

यह अनिवार्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उठने वाले संदेहों का पूरा निवारण किया जाए। लोकतंत्र में यह विश्वास सबसे महत्त्वपूर्ण होता है कि चुनाव के जरिए वास्तविक जनमत की अभिव्यक्ति हुई है। तभी जनादेश सर्व-स्वीकृत बना रहता है।

सुप्रीम कोर्ट ने आश्वासन दिया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज होने वाले वोट और उससे संबंधित वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की अर्जियों पर वह समय रहते अपना निर्णय देगा। लेकिन फिलहाल संकेत यह मिला है कि अदालत ने इस मसले को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी है। वरना, सुनवाई दो हफ्तों के लिए नहीं टाली जाती। समस्या यह है कि 19 अप्रैल से मतदान शुरू हो जाएगा। यह तारीख जितनी करीब आएगी, निर्वाचन आयोग की यह दलील उतनी ठोस होती जाएगी कि इस मामले में सिस्टम बदलने के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा है।

इस मामले में निर्वाचन आयोग के रुख पर पहले से कई सवाल रहे हैं। जबकि ना सिर्फ



विपक्ष, बल्कि सिविल सोसायटी के भी बहुत बड़े दायरे में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गहराते शक के साथ वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की मांग जोर पकड़ती गई है। मुमकिन है कि इन संदेहों में कोई दम ना हो। इसके बावजूद यह अनिवार्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उठने वाले संदेहों का पूरा निवारण किया जाए।

लोकतंत्र में यह विश्वास सबसे महत्त्वपूर्ण होता है कि चुनाव के जरिए वास्तविक जनमत की अभिव्यक्ति हुई है। तभी मिला जनादेश सर्व-स्वीकृत बना रहता है। अगर इसके विपरीत धारणाएं बनीं, तो फिर पराजित पक्ष अपनी हार को सहजता से स्वीकार नहीं कर पाता, जिससे पूरे राजसत्ता की वैधता को चुनौती मिलने की दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं। इसलिए इसे आवश्यक माना जाता है कि मतदाता सूची तैयार करने से लेकर चुनाव परिणाम की घोषणा तक का हर कदम विश्वसनीय ढंग से उठाया जाए। दुर्भाग्य से इनमें से कुछ प्रक्रियाओं पर आज संदेह पैदा हो गया है। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने जब वीवीपैट संबंधी अर्जियों पर फिर से सुनवाई का फैसला किया, तो उससे समाज के एक बड़े हिस्से में उम्मीद पैदा हुई। वीवीपैट पर्चियों की गिनती के खिलाफ व्यावहारिक दिक्कत संबंधी कई दलीलें दी जाती हैं। लेकिन चुनाव प्रक्रिया को संदेहों से परे बनाए रखने के लिए तमाम दिक्कतों को बेहिचक स्वीकार की जानी चाहिए। आशा है, अपना निर्णय देते वक्त सुप्रीम कोर्ट इस आकांक्षा को ध्यान में रखेगा।

# क्या वाकई, देश में लोकतंत्र व संविधान खतरे में है?

जब भी चुनाव होता है तो राजनीतिक दल खुद जीतने के लिए तथा दूसरों को हराने के लिए कई तरह हथकंड़ों का उपयोग करते हैं। जैसे युध्द व प्रेम में सब जायज माना जाता है उसी तरह चुनाव जीतने के लिए व दूसरों को हराने के लिए भी कुछ भी किया जा सकता है। वोट तो जनता से लेना रहता है,इसलिए ऐसी बाते सुनियोजित तरीके से की जाती है जिससे जनता उसी को वोट देने मजबूर हो जाए। जनता दूसरे को वोट न दे इसके लिए जनता को डराया जाता है। दूसरा तरीका होता है आश्वस्त करने का कि हम सत्ता में आए तो सब ठीक हो जाएगा। हम सब ठीक कर देंगे। लोकसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस में ही होना है। भाजपा की तरफ से दस सालों में किए गए कामों को बताकर जनता का आश्वस्त किया जा रहा है कि भाजपा आई तो जिस तरह दस साल जनता के लिए, देश के लिए काम किया गया है,वैसे ही काम किया जाएगा। सबसे बड़ा लक्ष्य तो यही बताया जा रहा है कि भारत को विकसित देश बनाने का प्रयास किया जाएगा। किसी भी देश के लोगों का सपना होता है कि उसका देश को विकसित देश बनना चाहिए। यह सपना तो कांग्रेस भी दिखा सकती थी लेकिन चार पांच दशक तक सत्ता में रहने के बाद भी उसने कभी भारत को विकसित देश बनाने की बात तक नहीं की। इससे साफ है कि कांग्रेस के पास बड़े नेता तो थे लेकिन देश के लिए उनके पास कोई बड़ा विजन नहीं था।

यह विजन पीएम मोदी के पास है। इसलिए वह देश के लोगों के सबसे पसंदीदा नेता है।उन पर पूरा देश भरोसा करता है, देश के लोग सोच नहीं पाते हैं कि पीएम मोदी देश में कुछ बुरा कर सकते हैं। विपक्ष के किसी नेता के पास पीएम मोदी जैसा विजन नहीं है, इसलिए वह मोदी के मुगाबले खड़े नहीं हो पाते हैं। जनता तो जो बेहतर होता है,उसे ही चुनती है। मोदी से बेहतर कोई नहीं है, इसलिए पीएम मोदी आश्वस्त है कि वह तीसरी बार भी पीएम बनेंगे। तीसरी बार भी उनकी सरकार बनेगी। राहुल गांधी सहित विपक्ष के तमाम नेताओं के पास पीएम मोदी जैसा विजन नहीं है, वह सकारात्मक रुप से पीएम मोदी को कोई मुकाबला नहीं कर सकते। इसलिए वह नकारात्कम उपायों का सहारा लेने को विवश हैं। वह देश को लोगों को डराने के लिए कहते हैं कि पीएम मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा, देश में लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा। कांग्रेस के नेता भी हर जगह जाते हैं तो यही बात कहते हैं ताकि जनता डरकर मोदी को वोट न दे। डरकर कांग्रेस सहित विपक्ष को वोट दे।

मोदी के नाम पर देश के लोगों को डराने वालों का यही तर्क है कि कोई भी दल ज्यादा समय तक सत्ता पर रहता है तो उसका नेता तानाशाह हो जाता है,तानाशाह हो जाता है तो लोकतंत्र का समाप्त कर देता है, उसके बाद देश में तानाशाही आ जाती है। अगर इसी लाजिक को मान लिया जाए कि देश में कोई दल ज्यादा दिनों तक सत्ता मे रहता है वह तानाशाह हो जाता है, लोकतंत्र को समाप्त कर देता है तो इस देश मे तो सबसे ज्यादा समय तक कांग्रेस सत्ता मे रही फिर देश में लोकतंत्र समाप्त क्यों नहीं हुआ और तानाशाही क्यं नही आई। जहां तक देश के लोगों को तानाशाही के अनुभव की बात है तो इसका अनुभव तो लोगों को पीएम मोदी के समय नहीं हुआ लेकिन कांग्रेस के समय हुआ है जब देश में आपातकाल लगाया गया था। देश के लोग आपातकल को कभी नहीं मूल सकते इसलिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिव चंदन यादव जैसे नेता कितना भी कहें कि यह चुनाव लोकतंत्र व संविधान को बचाने का है। लोग कांग्रेस नेताओं की बात पर यकीन नहीं करने वाले हैं। पीएम मोदी इस समय देश के सबसे भरोसेमंद नेता है। देश के लोगों को भरोसा है कि वही देश को मजबूत बना सकते हैं,विकसित देश बना सकते है।इसलिए विकसिंत देश बनाने के नाम पर तो जनता तीसरी बार पीएम मोदी व भाजपा का साथ देगी। विपक्ष के पास जब तक मोदी से बेहतर कोई नेता नहीं होगा, जनता विपक्ष पर भरोसा करने वाली नही है।

> स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक नागरिक के लिए समान रूप से सुलभ और सस्ती होनी चाहिए। ऊंची आय वाले देशों ने दशकों पहले इसे अपना लिया था। थाइलैंड की सफलता एक शानदार उदाहरण है।

# सेहत के पैमानों पर कैसे और कहां खड़ी दुनिया

चंद्रकांत लहारिया, वरिष्ठ चिकित्सक

इस बार विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम है- 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार।' निजी और सामाजिक स्तर पर यह हमारे चिंतन का एक अहम अवसर है कि स्वास्थ्य क्या है? हालांकि, कई लोग तर्क देते हैं कि देश और क्षेत्र के हिसाब से इसकी परिभाषा अलग-अलग होती है, पर इसके मूल में विश्व स्वास्थ्य संगठन की यही परिकल्पना है कि शारीरिक, मानसिक व सामाजिक कल्याण की पूर्ण स्थिति ही स्वस्थ जीवन का आधार है, न कि बीमारी की अनुपस्थिति या दुर्बलता।

इस पैमाने पर आज के देश कहां खड़े हैं? दरअसल, तमाम देशों में सरकारों ने जन-स्वास्थ्य की जिम्मेदारी ले रखी है। ऐसा करना आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ कार्यबल का अर्थ है, कार्यस्थलों पर कर्मचारियों की उपस्थिति व उत्पादकता। 2015 में अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाले एंगस डीटन ने अपनी पुस्तक द ग्रेट एस्केप : हेल्थ, वेल्थ ऐंड द ओरिजिन्स ऑफ इनइक्वलिटी में लिखा है, यूरोप के देशों में ज्यादातर आर्थिक तरक्की इसलिए हुई, क्योंकि उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश किया, जिससे नागरिकों की सेहत बेहतर हुई। अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मानव विकास में सकारात्मक भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि दुनिया के कई देशों, विशेषकर यूरोप में नागरिकों के लिए स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधाएं मुफ्त हैं।

दुनिया भर के देश अब अपने नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए तमाम तरह के उपाय कर रहे हैं। इसका एक पैमाना यह है कि स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक नागरिक के लिए समान रूप से सुलभ और सस्ती होनी चाहिए। ऊंची आय वाले कई देशों ने दशकों पहले इसे अपना लिया था। थाइलैंड जैसे देशों की सफलता तो एक शानदार उदाहरण है। अपने प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के संकल्प के साथ वह आगे बढ़ रहा है। थाइलैंड सरकार इनमें नए-नए



उपचार और सेवाएं जोड़ने का काम करती है। कुछ देश, विशेषकर यूरोपीय राष्ट्र अस्पताल-आधारित सेवाओं से अधिक बाह्य रोगी आधारित सेवाओं की ओर आगे बढ़ रहे हैं। वहां के कुछ अस्पताल अपनी व्यापक सेवाओं में कटौती करके बाह्य रोगी सेवाओं पर अपना ध्यान लगा रहे हैं। इन दिनों एक अन्य प्रवृत्ति देखी जा रही है। विशेषज्ञ आधारित सेवाओं से हटकर अब परिवार-चिकित्सा आधारित नजरिया अपनाया जा रहा है। इसमें एक ही प्रदाता पूरे परिवार को अपनी सेवाएं देता है। केन्या, ट्यूनीशिया और कई अन्य देश अपने स्नातक डॉक्टरों को परिवार-चिकित्सा में प्रशिक्षित कर रहे है। इससे विशेषज्ञ देखभाल की आवश्यकता कम हो जाएगी और डॉक्टरों के समय का सदुपयोग हो सकेगा। इसी तरह, ब्रिटेन में एनएचएस सार्वभौमिक व मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का बेहतर उदाहरण है। हालांकि, कुछ वजहों से इसकी आलोचना हो रही है, पर गुणवत्ता के मामले में यह बेजोड़ है। वास्तव में, जो देश पहले से अपने सभी नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं, उनकी अपनी चुनौतियां हैं। जैसे, कनाडा में प्रत्येक नागरिक को मुफ्त सेवाएं मिलती हैं, बल्कि उसमें कॉस्मेटिक सर्जरी जैसी सेवाएं भी शामिल हैं, लेकिन लंबे समय तक रोगियों के इंतजार को लेकर इसकी आलोचना भी होती है।

यह सही है कि जांच के अत्याधुनिक तरीकों के कारण आज जो व्यक्ति स्वस्थ दिखते हैं, वे कल रोगी पाए जा सकते हैं, इसलिए अब सिर्फरोगियों पर ध्यान नहीं दिया जाता, बल्कि रोगों की रोकथाम, स्वस्थ जीवन-शैली को बढ़ावा देने और आवश्यकता पड़ने पर शीघ्र उपचार पर पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। इसलिए जरूरी यह भी है कि सभी आयु-समूहों के लिए टीकाकरण की उचित व्यवस्था गढ़ी जाए। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ाना, उसे गुणवत्तापूर्ण बनाना और सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

बांग्लादेश में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मजबूत समुदाय-आधारित संगठन है, भारत में आशा कार्यकर्ताओं का एक बड़ा समूह है। ऐसे प्रयास चौतरफा किए जाने चाहिए। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे पोषण की भी आवश्यकता है, जिसका एक उदाहरण यूरोप है, जहां डेढ़ सदी (1830-1980) के दौरान यूरोपीय आबादी की लंबाई 15 सेंटीमीटर बढ़ी। हालांकि, भारतीय बच्चों की वर्तमान पीढ़ी भी अपने माता-पिता से पांच सेंटीमीटर लंबी है, पर अब भी यहां काफी कुछ किए जाने की जरूरत है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110



श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### रायपुर में मौसम बदला, काले बादल छाए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में रविवार सुबह अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला है। प्रदेश की राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में अचानक से बादल छा गए हैं और



तेज हवाएं चल रही है। मौसम में हुए अचानक बदलाव से लोगों को चिलचिलाती धुप से राहत मिली है। सुबह से ही मौसम खुशनुमा बना हुआ है। वहीं मौसम में हुए अचानक बदलाव से प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावना भी है। मिली जानकारी के अनुसार, राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में अचानक से बादल छा गए हैं। मौसम के मिजाज में अचानक हुए बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सुबह से ही बादल छाने से लोगों को तेज धुप से भी रहत मिली है। वहीं मौसम में अचानक हुए बदलाव के बाद रायपुर समेत कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

### खिलाड़ियों ने शत प्रतिशत मतदान के लिए लगाई मैराथन दौड़

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने खिलाड़ी, व्यापारी, संस्थान, स्वसहायता समूह की महिलाएं सहित अन्य संस्थान आगे आ रहे हैं। जिससे जिले में मतदाता जागरूकता की गूंज घर-घर तक पहुंच रही है। स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के लिए खेल समुदाय भी अपना बहुमूल्य योगदान दे रहा है। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे के नेतृत्व में जिले के सभी खेल प्रशिक्षु स्वीप गतिविधियों में शामिल होकर मतदान करने का संदेश दे रहे हैं। मतदाताओं को मतदान का संदेश देने के लिए राजनांदगांव शहर में स्वीप मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न खिलाड़ियों ने मैराथन दौड़ लगाकर और रैली निकालकर मतदाता को मतदान के लिए जागरूक किया। खिलाड़ियों ने घर-घर जाकर शहरी मतदाताओं को मतदान तिथि 26 अप्रैल को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें मतदान के लिए जागरूक करने पाम्पलेट का भी वितरण किया।

# भाजपा स्थापना दिवस पर बृजमोहन अग्रवाल ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भाजपा के सम्मानित कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण और परिश्रम से ही संगठन को राष्ट्रव्यापी विस्तार मिला और भाजपा को देशभक्ति, जनसेवा, सुशासन एवं अंत्योदय को समर्पित विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में पहचान मिली। जो यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के निर्माण में लगातार है।

यह बात रायपुर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार पुरानी बस्ती मंडल और डीडी नगर मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह के अवसर पर कही। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया था।

इस अवसर पर अग्रवाल ने बताया कि 1980 में अटल बिहारी बाजपेई ने मुंबई में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के अवसर पर कहा था कि बादल छटेगा, सूरज उगेगा,



कमल खिलेगा और आज देश भर में कमल खिल चुका है।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ ही सनातन का सूर्योदय हो गया है। यह भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण, सेवा और संघर्ष का ही परिणाम है कि मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है और 2047 तक विकासशील से विकसित देश बन जाएगा।

अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आ गए हैं अब ऐसे में वह तन मन धन के साथ जुड़ जाए और नए भारत के निर्माण के लिए मोदी जी को पुनः विजई बनाएं जिसके लिए एक-एक कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर भाजपा की नीति और रिति को उनके सामने रखना होगा और भाजपा के लिए वोट मांगने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है कि हमको मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का शुभ अवसर मिल रहा है। इसलिए हमको हम लोगों को भी पूरी ताकत के साथ इस चुनावी युद्ध को जितना होगा। मोदी जी ने हम लोगों को चुनावी युद्ध जीतने के लिए महतारी वंदन ,उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास, नल जल, आयुष्मान, स्वानिधि, विश्वकर्मा जैसी सैकड़ों योजनाएं दी हैं। जिनका हर एक भारतवासी लाभ उठा रहा है। कार्यकर्ताओं को जनता के सामने इन्हीं योजनाओं के लाभ को बताना है और मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ से कमल का फूल खिलाना है।

### अश्विनी नगर में बूथ विजय अभियान,झंडा रोहण एवं दीवार लेखन का आयोजन

भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर अश्विनी नगर में बूथ विजय झंडा रोहण एवं दीवाल लेखन का आयोजन किया गया। पार्षद मृत्युंजय दुबे द्वारा किए गए इस आयोजन में बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए चुनावी रणनीति पर चर्चा की साथ ही अग्रवाल ने घरों में भाजपा झंडा लगाया और पार्टी के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने के लिए दीवार लेखन का शुभारंभ किया।

# राज्यपाल ने नये छात्रावास का उद्घाटन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने रविवार को राजकुमार कॉलेज रायपुर के नये छात्रावास भवन का फीता काट कर उद्घाटन किया। राज्यपाल हरिचंदन ने कॉलेज का भ्रमण किया और विजिटर बुक में अपने उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने लिखा कि जब वे राज्यपाल के रूप में छत्तीसगढ़ आये तो राजकुमार कॉलेज के बारे में बहुत कुछ सुना था और आज यहां आने का अवसर भी मिला।

यहां महात्मा गांधी से लेकर अनेक महत्वपूर्ण व्यक्ति पधारे थे। यहां का वातावरण बहुत ही लुभावना है। हरे भरे पेड़ और लताओं से घिरा हुआ यहां का वातावरण रचनात्मकता के लिए प्रेरित करता है और उत्साह बढ़ाने वाला है। इस कॉलेज से निकले विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कॉलेज से निकलने के बाद विद्यार्थी अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के




साथ समाज और देश की सेवा करेंगे। इस अवसर पर राजकुमार कॉलेज सोसायटी के सामान्य परिषद के अध्यक्ष टीएस सिंह देव, प्रबंध समिति के चेयरमेन टीसी देब, शासी निकाय के सदस्य, प्राचार्य अविनाश सिंह सहित फेकल्टी मेंम्बर और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# भाजपा सम्मेलन रजगामार में हुआ आयोजित, जुटे कार्यकर्ता

**कोरबा।** लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रामपुर विधानसभा के रजगामार विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता महा सम्मेलन मे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवागन, लोकसभा समन्वयक ननकी राम कंवर, कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय , लोकसभा संयोजक भैया लाल राजवाड़े, सह संयोजक मनोज शर्मा जिलाध्यक्ष डाक्टर राजीव सिंह विधानसभा संयोजक व जिला महामंत्री टिकेश्वर राठिया, द्वारा भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल्य चित्र पर पूजा अर्चन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निशाना साधते हुए कहा कि 5 साल से कोरबा की संसद निष्क्रिय होकर किसी भी प्रकार के विकास कार्य नहीं किये हैं तथा काग्रेस पार्टी मे परिवार वाद हावी हैं उद्योग मंत्री लखन लाल ने मांगा ने कहा कि कांग्रेस के नेता हर घर में चुनाव जनता के बीच सिर्फ झूठे वादे लेकर जाते हैं हमारी सरकार के आते ही सारे वादों को हमारी सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास,कुल सिंह कँवर ,प्रदीप पटेल धन सिंह कंवर नटवर शर्मा बंधु भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण पर दें ध्यान, निर्वाचन कार्य है आसान- उप जिला निर्वाचन अधिकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, रायगढ़ में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने सभी मतदान दलों को निर्वाचन कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण कार्य है, अत:निर्वाचन के प्रत्येक प्रक्रिया की बेहतर जानकारी ले। साथ ही मतदान दिवस हेतु निर्धारित सभी प्रक्रिया में सतर्कता रखें, जिससे निर्वाचन का कार्य निर्विघ्न पूर्ण हो सके। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रश्न अवश्य करें। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को पूर्ण मनोयोग से ट्रेनिंग प्राप्त करने को कहा।

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरणों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रश्न भी पूछे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य को आसान बनाने के लिए पूरे दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, इसका सभी लाभ लें और अधिक से अधिक मशीनों का हैंड्स ऑन प्रेक्टिस करें, ताकि आप सभी मशीनों से परिचित हो सके। इस दौरान उन्होंने मॉक पोल, मतदान दिवस के दिन सर्वप्रथम किए जाने वाले कार्य, मतदान समाप्ति पश्चात की प्रक्रिया, पर्ची प्रदान करने संबंधी जानकारी, सीआरसी, बैठक व्यवस्था, वेब कॉस्टिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी अधिकरियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने को कहा। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को ईडीसी के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिए।

# अमेरिकी दंपती ने मातृछाया से गोद लिया बच्चा

## गोद भराई की रस्म धूमधाम से निभाई गई, तीन साल पहले आनलाइन किया था आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** एक मासूम जिसे पैदा होते ही उसकी मां और परिवार ने त्याग दिया, जिसके दिल में चार एमएम का छेद था। उस मासूम को शिशु मातृछाया ने सहारा दिया। मासूम का इलाज रायपुर के बड़े अस्पताल में कराया गया। छोटी उम्र में ही जीवन के बड़े संघर्ष के बाद अब इस बच्चे को उसके माता-पिता मिल गए हैं। अमेरिका से आए दंपति ने इस बच्चे को गोद ले लिया है। मातृछाया में गोद भराई की रस्म धूमधाम से निभाई गई। इस बच्चे को विधि-विधान से अमेरिकन दंपति का सौंपा गया है। अब वह अमेरिका में रहेगा।

मातृछाया सेवा भारती प्रकल्प में ऐसे बच्चों को रखा जाता है, जिन्हें पैदा होते ही उनके माता-पिता त्याग देते हैं। जो कूड़े में,



नाले में या मातृछाया के ही पालने में संस्था को मिल जाते हैं। यह संस्था भारत सरकार और स्थानीय महिला एवं बाल विकास विभाग से पंजीकृत होती है। यहां पल रहे एक वर्ष 11 महीने के बालक को अमेरिकन दंपति ने गोद लिया है। बीते कई सालों से किसी बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया का पालन कर रहे थे। लंबे इंतजार के बाद उन्हें अवसर मिला। भारतीयों की संस्कृति को देखकर वह अभिभूत थे। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति से बेहद लगाव है, इसलिए हम एक भारतीय बच्चे को गोद लेना चाहते थे। मातृछाया संस्था के सचिव सुनील जैन ने कहना है कि यह हमारे लिए बेहद खुशी की बात है कि हमारे संस्था की ओर से जिस बच्चे का पालन पोषण किया गया है, जिस बच्चे के दिल में छेद था। अब वह अमेरिका जैसे देश में जाकर रहेगा। जिन बच्चों को पैदा होते ही छोड़ दिया जाता है, उन्हें हम रखते हैं। हमारे संस्था में काम करने वाली यशोदा माएं बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। वह बच्चों को सिर्फ दूध नहीं पिलाती बाकी सभी तरह के देखभाल वह करती हैं। एक तरफ हमें खुशी है कि बच्चा अमेरिका जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ यह दुख भी है कि जिस बच्चे का हमने पालन पोषण किया, अब वह हमारे परिवार से दूर हो जाएगा।

लाइफलाइन चिल्ड्रन सर्विस एजेंसी अधिकारी अलेक्स सैम कोरबा पहुंचे हुए थे। यह संस्था भारत सरकार के देखरेख में बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया को पूरा करती है। एलेक्स ने बताया कि सेंट्रल अडोप्ट रिसोर्स आथरिटी के जरिए गोद लेने के लिए आनलाइन आवेदन करना पड़ता है। विदेशी दंपति ने शिशु को गोद लेने के लिए लगभग तीन साल पहले आवेदन किया था। उन्हें भरतीय बच्चों को ही गोद लेना था। इसके लिए अमेरिका और भारत के दूतावास के बीच चर्चा होती है और सर्टिफिकेट जारी किए जाते हैं।

स्थानीय कलेक्टर के भी आदेश की जरूरत पड़ती है। यह भी देखा जाता है कि दंपति बच्चे का पालन पोषण ठीक तरह से कर सकते हैं या नहीं। मापदंडों पर खरा उतरने के बाद ही बच्चे को गोद लेने की अनुमति मिलती है।

# महावीर जन्म महोत्सव : जियो और जीने दो जयघोष के साथ प्रभात फेरी का शुभारंभ

## जीवदया दिवस मनाकर करेंगे पशु पक्षियों की सेवा, स्किल डेवलपमेंट से सिखाएंगे घर बैठे रोजगार के अवसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भगवान महावीर का 2623 वा जन्म कल्याणक महामहोत्सव के शुभ अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा 6 अप्रेल को सुबह 6.30 बजे 15 दिवसीय प्रभात फेरी का शुभारंभ न्यू राजेंद्र नगर स्थित श्वेतांबर जैन मंदिर वर्धमान नगर से हुआ। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष जितेंद्र जैन गोलछा, महासचिव वीरेंद्र डागा,कोषाध्यक्ष अमित मूणत एवं, कार्यकारी अध्यक्ष अमर बरलोटा,प्रणीत जैन मीडिया प्रभारी ने सयुक्त रूप से बताया की सकल जैन समाज द्वारा राजधानी के सभी जैन मंदिरों,कालोनियों, मोहल्लों,वार्डो से प्रात: कालीन प्रभात फेरी का आयोजन किया जाता है।

शनिवार सुबह 6.30 प्रभात फेरी का शुभारंभ न्यू राजेंद्र नगर स्थित श्वेतांबर जैन मंदिर वर्धमान नगर से हुआ। इसमें सकल



जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधु पारंपरिक परिधान श्वेत एवं केसरिया वस्त्र में शामिल होकर महावीर का संदेश जियो और जीने दो का जयकारा लगाकर, भक्तिमय वातावरण में भगवान महावीर का संदेश घर घर में पहुंचने एवं सभी सकल समाज को प्रभात फेरी के माध्यम से जोड़ने का प्रयास करते है। इस प्रभात फेरी में लोकेश जैन, राजेंद्र पारख,महावीर कोचर,गोल्डी लूनिया,जय लूनिया धर्मराज बेगानी, विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रभात फेरी में शामिल हुए बच्चो के धार्मिक फैंसी ड्रेस का आयोजन भी किया गया गया था जिसमे आज कुल 5 बच्चे शामिल हुए थे सभी को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कृत भी किया गया साथ ही धार्मिक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया था। प्रभात फेरी पश्चात ब्लड डोनेशन कैंप एवं स्वास्थ्य शिविर नि:शुल्क जांच परीक्षण का आयोजन भी किया गया था। साथ ही राजधानी के विभिन्न जगहों में सामाजिक कार्य की श्रृंखला में सुबह 11 बजे न्यू राजेंद्र नगर में महावीर की प्रसादी भोग भंडारा का आयोजन जय आनंद युवा संघ द्वारा किया गया जिसके लाभार्थी वैभव-सुचिता जैन एमआर कॉलोनी वाले थे। दोपहर 12 बजे एम.एम.आई. हॉस्पिटल में भोजन का वितरण दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल डी.डी. नगर वंदना जैन,अनिता जैन द्वारा किया गया। दोपहर 2 बजे माना ह्यश्1 वृद्ध आश्रम में स्टेशनरी एवं जरूरत मंद सामग्री जिनकुशल बहु मंडल गुड़ियारी तृप्ति चोपड़ा संकल्प पारख द्वारा वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे स्टेशनरी वितरण ह्यश्ह्य विलेज माना में दिगंबर जैन महा समिति डी.डी. नगर में संध्या जैन,जय जैन द्वारा किया गया।

7 अप्रैल को जीवोदया दिवस का आयोजन किया गया है जिसमे सुबह 6 बजे गायों को चारा, कुत्तों को रोटी ,चिटी को शक्कर,मछली को आटा,रायपुर के सभी मंडली द्वारा सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक राजधानी रायपुर के में अलग अलग स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। साथ सुबह 10 बजे स्किल डेवलपमेंट शिविर का आयोजन भी एम,जी रोड स्थित जैन दादा बाड़ी में महावीर इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन लोकेश कावड़िया द्वारा आयोजित किया जायेगा।जिसमे रोजमर्रा की जरूरत की घर बैठे सस्ती और अच्छी वस्तुएं कैसे बनाई जाती है उनका प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षको द्वारा दिया जाएगा। सम्पूर्ण आयोजन में पॉलीथिन एवं प्लास्टिक का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### कांग्रेस में जिला प्रभारियों की नियुक्ति

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार 4 जिला प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। पीसीसी महामंत्री सुबोध हरितवाल को जिला-शहर कांग्रेस कमेटी बिलासपुर का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार दिनेश शर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं संयुक्त महामंत्री कृष्णा दुबे को खैरागढ़-गंडई-छुईखदान तथा शारिक रईश खान को गरियाबंद का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### कक्षा पहली में प्रवेश के लिए उम्र 6 वर्ष निर्धारित करें : क्रिष्टोफर

**रायपुर।** प्रायवेट स्कूलों एवं स्वामी आत्मानंद स्कूलों में छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन ने नाराजगी जताई और संचालक को पत्र लिखकर कक्षा पहली हेतु छह वर्ष निर्धारित करने की मांग की गई है। पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है, जो शिक्षा का अधिकार कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। वैसी ही आरटीई के अंतर्गत प्रायवेट स्कूलों में कक्षा पहली के लिए 5 वर्ष के बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है। जबकि शिक्षा का अधिकार कानून में कक्षा पहली के लिए 6 वर्ष निर्धारित है, तो नई शिक्षा नीति के अनुसार कक्षा पहली के लिए 6 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। केन्द्र सरकार ने दिनांक 15 फरवरी को पत्र लिखकर कक्षा पहली के लिए 6 वर्ष निर्धारित करने का निर्देश दिया है। छग राज्य बाल आयोग ने भी इस संबंध में डीपीआई को पत्र लिखा है, इसके बावजूद डीपीआई के द्वारा 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है, जो शिक्षा का अधिकार कानून और नई शिक्षा निति का उल्लघंन है।

### परमानंद को पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग के शोधार्थी परमानंद सिन्हा को अंग्रेजी साहित्य विषय में पीएचडी (डॉक्टरेट ऑफफिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की गई है। परमानंद सिन्हा ने विजय तेंदुलकर और आर के नारायण की चुनिंदा कृतियों में पितृसत्तात्मक निर्माण और पारिवारिक संरचनाएं विषय पर अपना शोध कार्य अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मनीष वर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया है। पाटन तहसील के केसरा गांव से आते है। परमानंद सिन्हा के पिता नोहर राम सिन्हा खेती किसानी करते हैं। माता राधा सिन्हा गृहणी हैं एवं पिता जी के साथ खेती किसानी में मदद करती हैं। परिवारजन एवं मित्रों ने परमानंद सिन्हा को डॉ. की उपाधि मिलने पर शुभकामनाएं दी है। साथ ही शोध निदेशक डॉ. मनीष वर्मा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस के सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ शर्मा एवं विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों ने शोधार्थी सिन्हा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

एकात्म परिसर में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

# राष्ट्रवाद-अंत्योदय की भावना के साथ 6 अप्रैल को भाजपा का हुआ उदय : शिवप्रकाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा है कि 6 अप्रैल 1980 को आज से ठीक 44 वर्ष पूर्व भारत में राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत एक नए राजनीतिक दल का उदय हुआ। भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए संकल्पित है। शिवप्रकाश शनिवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्श कर रहे थे।

भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने भारतीय जनता पार्टी की 44 वर्षों की राजनीतिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में सरकार बनाने के बाद रखी। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपानीत राजग सरकार केन्द्र में गठित हुई है। शिवप्रकाश ने कहा कि पहले आम चुनाव में 2 सीटों से लेकर आज 303 सांसदों तक का सफर अपने समर्पित, निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ताओं के बल पर शीर्ष पर पहुंची भाजपा आज विश्व का सबसे



बड़ा राजनीतिक संगठन है।

उन्होंने कहा कि स्थापना से लेकर आज तक भाजपा की विचारधारा यथावत रही जिसके मूल में राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद और अंत्योदय है। हम प्रारंभ से लेकर आज तक एक देश एक विधान की मान्यता लेकर जनता के बीच गए हैं एवं राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ जनसहयोग मांगा। आगामी लोकसभा चुनाव में आप सभी कार्यकर्ताओं को पहले से भी अधिक परिश्रम कर बेहतरीन नतीजे लाने के लिए अपना योगदान देना है और अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में सैकड़ों राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दल हैं, लेकिन उनमें सबसे अलग स्थान भाजपा का है। इसका मूल कारण पार्टी की मूल विचारधारा है। राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उदय की भावना के साथ हम लगातार 44 साल से निरंतर जनसेवा करते आ रहे हैं। भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर आज हमारी भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। परिवारवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद जैसी तमाम अलगाववादी भावनाओं से दीगर भाजपा ही एक ऐसा राजनीतिक दल है जिसकी मूल भावना राष्ट्रवाद है, जहां नरेंद्र मोदी जैसे सामान्य व्यक्ति प्रधानमंत्री और किरण देव जैसा सामान्य कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष बन सकता है। हमें गर्व है कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं।

भाजपा ने शनिवार को अपना 44वां स्थापना दिवस उत्सव की तरह मनाया। इसके लिए देश के हर राज्य, जिले, शहर, मंडलों और बूथों तक विभिन्न कार्यक्रमों की विशेष तैयारियां की गई। फिर एक बार, मोदी सरकार के नारे के साथ पूरे देश में स्थापना दिवस मना रही भाजपा। इसके पार्टी के स्थापना दिवस की खुशी में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक पुरंदर मिश्रा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

# लोकसभा चुनाव में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका

## वर्कशॉप में दी मोबाइल एप्स, पोर्टल्स, पेड न्यूज और एमसीएमसी की दी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा है कि निर्वाचन की पूरी प्रणाली में मीडिया सेतु के रूप में सशक्त भूमिका निभाती है। उसकी सक्रियता से न केवल मतदाताओं में निर्वाचन के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि वो निर्वाचन तंत्र को भी सजग और अधिक निष्पक्ष बनाएं रखती है। क्षीरसागर ने मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के लिए निर्वाचन संबंधी एक दिवसीय उन्मुखीकरण तथा कार्यशाला को संबोधित करते हुए इस आशय के विचार व्यक्त किए।**





अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी क्षीरसागर ने कार्यशाला में कहा कि आज इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) को लेकर कोई संदेह नहीं रह गया है। इस पर उठने वाली शंकाएं निराधार ही साबित हुई हैं। उन्होंने बताया कि इसके संचालन के लिए निश्चित प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है जो पूर्ण रूप से पारदर्शी प्रक्रिया के तहत होता है। पत्रकार निर्वाचन के दौरान अन्य विभागों के साथ ही अति आवश्यक सेवा में होते हैं। ऐसे में उनके मतदाता के तौर पर कर्तव्य पूरा करने में डाक मतपत्र की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग की बड़ी पहल है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले के निर्देश पर आज रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित मीडिया कार्यशाला में निर्वाचन संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने उम्मीद जताई कि आज की कार्यशाला में दी गई जानकारी पत्रकारों को निर्वाचन संबंधी सूचनाओं और जानकारियों को प्रसारित व प्रचारित करने में इलेक्शन मशीनरी का सहयोग करने में उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि इलेक्शन मशीनरी और इसमें लगे अधिकारियों-कर्मचारियों की विशेषज्ञता और निष्पक्षता संदेह से परे है।

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने कार्यशाला में निर्वाचन प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी के उपयोग को रेखांकित करते हुए आम जन से लेकर अभ्यर्थियों के लिए तैयार भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल्स तथा मोबाइल एप्लीकेशन्स की जानकारी दी। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती शारदा अग्रवाल ने पेड न्यूज़, मीडिया मॉनिटरिंग सेल तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के कार्यों के बारे में बताया।

कार्यशाला में सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा और उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यूएस अग्रवाल ने ईवीएम की कार्यप्रणाली का उल्लेख करते हुए इसकी सुरक्षा में बरती जाने वाली सावधानियों तथा इसकी पारदर्शी प्रणाली की जानकारी दी। कार्यशाला में राजधानी रायपुर के विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता देकर विषय विशेषज्ञों से सवाल-जवाब के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# कांग्रेस में इस्तीफे की झड़ी : पूर्व प्रदेश महामंत्री ने किया भाजपा प्रवेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे पास आ रहा है, वैसे वैसे कांग्रेस को झटके लग रहे है। देखा जाए तो पार्टी में इस्तीफे के झड़ी लग गई है। कई पुराने नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री रहे चंद्रशेखर शुक्ला शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। भूपेश बघेल पर उन्होंने तंज कसते हुए उन्हें गोबर चोट्टा कहकर संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि चोरों के साथ काम करने में परेशानी हो रही थी, इसलिए मोदी परिवार में शामिल हुआ हूं। चंद्रशेखर शुक्ला ने कबीरधाम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने भाजपा प्रवेश किया है। चंद्रशेखर शुक्ला ने बीते दिनों कांग्रेस छोड़ दिया था और कांग्रेस पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। इधर लोरमी में कांग्रेस को एक बार फिर झटका लगा है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शोभाराम कश्यप ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इतना ही नहीं पार्टी पर उपेक्षा का भी आरोप लगाया है। वहीं जानकारी मिली है कि वे कवर्धा में सीएम विष्णुदेव साय के समक्ष भाजपा में प्रवेश किया है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा ने बताया कि मंच पर कांग्रेस व जोगी कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इनमें पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, कांग्रेस के मुंगेली जिला उपाध्यक्ष शोभराम कश्यप, प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री सिद्धार्थ चंद्रा, मनोज कुमार (पार्षद प्रतिनिधि), पार्षद तीजन गेन्ड्रे, पार्षद ममता गेन्ड्रे, पार्षद संजय बर्मन, बिसेन बंजारे, कार्तिक कुमार, काशीराम बैगा, जोगी कांग्रेस से अश्वनी यदू, रंजीत वर्मा समेत दर्जनभर लोग शामिल है।

### शंकर लाल ने दिया इस्तीफा

बता दें कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को झटके पर झटका लग रहा है। शंकर लाल साहू ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। शंकर लाल साहू कांग्रेस ओबीसी विभाग के उपाध्यक्ष थे। शंकर लाल साहू ने रायपुर लोकसभा से टिकट मांगी थी। उन्होंने कांग्रेस पर साहू समाज की उपेक्षा का आरोप लगाया है। कहा जा रहा है कि शंकरलाल साहू जल्द ही भाजपा प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की है।

# हिन्दू नववर्ष पर शोभायात्रा का आयोजन कल

**रायपुर।** हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर में 8 अप्रैल को शाम 5 बजे राम राज परिवार बुढ़ापारा रायपुर के सौजन्य से विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। शोभायात्रा में 7 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्था के अध्यक्ष अजय गवली एवं संयोजक प्रदीप साहू ने संयुक्त रूप से दी।

पत्रकारवार्ता में साहू ने बताया कि शोभायात्रा सोमवार को शाम 5 बजे सप्रे शाला मैदान से सिटी कोतवाली, सदर बाजार, सत्तीबाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती होते हुए बुढ़ेश्वर मंदिर में समाप्त होगी। नववर्ष को आकर्षक बनाने के लिए महाराष्ट्र का ढोल, बनारस का डमरू ढोल, ओड़िसा का सम्बलपुरी मशहूर बाजा, छत्तीसगढ़ के संस्कृति के अनुरूप राउत नाचा, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य एवं राजधानी के प्रमुख अखाड़ा, डीजे धूमाल, हाथी घोड़े से सजी झांकी एवं राम दरबार की मनमोहक झांकी शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण होगी। शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए भगवान राम की मिट्टी से निर्मित 15 फीट की मूर्ति तैयार करवाई जा रही है। शोभायात्रा के समापन के पश्चात उक्त भगवान श्रीराम की मूर्ति का महादेव में विसर्जन किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन एवं एम्बुलेंस की विशेष रूप से व्यवस्था रहेगी।

### वार्षिक सम्मेलन 13 एवं 14 को

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)रायपुर के सहयोग से इंडियन सोसायटी ऑफ कोल्पोस्कोपी एंड सर्वाइकल पैथोलॉजी का 16 वां वार्षिक सम्मेलन 13 एवं 14 अप्रैल को एम्स रायपुर में आयोजित किया गया है। सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ चल रही लड़ाई में यह आयोजन महत्वपूर्ण है। प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में डॉ. आशा जैन, डॉ. पुष्पावती ठाकुर एवं एम्स हॉस्पिटल की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सरिता अग्रवाल ने यह जानकारी दी। पत्रकारवार्ता में डॉ. आशा ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की संख्या लगातार विश्व में बढ़ती जा रही है। भारत में ही अब तक 6 लाख 60 हजार नए मामले सर्वाइकल कैंसर के दर्ज किए गए हैं। वहीं 3 लाख 50 हजार मौतों के साथ ही सर्वाइकल कैंसर में सर्वाधिक मृत्यु दर का रिकॉर्ड तोड़ा है। उक्त आयोजन में डॉ. अमित चौहान, डॉ. अरूणा पी., डॉ. राहुल सतारकर एवं स्त्री रोग विभाग एम्स, पैथोलॉजी विभाग तथा कैंसर प्रिवेंशन एंड रिलीफ सोसायटी उक्त आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी ने भाजपा स्थापना दिवस पर किया ध्याजारोहण

# राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति पर चलती है भाजपा: बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीति नही बल्कि राष्ट्रनीति पर चलती है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी बाजपेई के दिखाएं रास्ते पर चलते हुए भाजपा उनके सपनों को साकार कर रही है और आज सत्ता में आकर लोगों की सेवा कर रही है।

यह कहना है रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जिन्होंने शनिवार को भाजपा के 45 वें स्थापना दिवस पर केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण



कर ध्वजारोहण किया और सभी को भाजपा के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 का हटाना, अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनाना, देश से तीन तलाक समाप्त करना, लागू करना आदि जिन विचारों को लेकर जनसंघ और भाजपा की स्थापना हुई थी। आज प्रधानमंत्री मोदी ने नेतृत्व में वो सभी वादे पूरे हो रहे हैं। आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है और प्रधानमंत्री मोदी विश्व की अगुवाई कर रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लोगों का भरोसा और दिल दोनों जीतें हैं इसीलिए देश की जनता तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आने वाले लोकसभा चुनाव में रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ की जनता कमल का फूल खिलाएगी और मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाएगी। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरेंद्र मिश्र समेत पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कुनकुरी में आज कार्यकर्ता सम्मेलन

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी है। राज्य के सीएम और प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेता लगातार अलग-अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज सीएम विष्णुदेव साय कवर्धा और जशपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार, सीएम विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर से रवाना होकर कवर्धा पहुंचेंगे और यहां आयोजित विशाल जनसभा में शामिल होकर जनता को संबोधित करेंगे। इसके बाद सीएम साय वापस रायपुर पहुंचेंगे और कुनकुरी के लिए रवाना होंगे। सीएम साय कुनकुरी में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। कुनकुरी सम्मलेन के बाद अपने सीएम साय अपने गृह ग्राम बगिया के लिए रवाना होंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# बच्चन परिवार से आई गुडन्यूज, शादी करने जा रही है नव्या



जया बच्चन और नव्या नवेली नंदा के साथ जब जया बच्चन भी किसी मौके पर साथ हों तो दोनों के बीच पक्की सहेलियों की तरह हर विषय पर खुलकर बात होती है। हाल ही में जब पॉडकास्ट में तीनों रिलेशनशिप के बारे में बात करती नजर आईं तो फैंस ने खूब एन्जॉय किया।

## नानी जया बच्चन ने नव्या को दिए लव लाइफ के टिप्स

बॉलीवुड एक्ट्रेस जया बच्चन और नव्या नवेली नंदा का रिश्ता काफी यूनिक है। दोनों कई बार रियलिटी शोज और पॉडकास्ट में भी साथ नजर आ चुके हैं और दोनों की ट्यूनिंग कमाल की रहती है। जया और नव्या कई बार नानी-नातिन कम और पक्की सहेलियां ज्यादा लगती हैं। हालांकि कभी कभार जया बच्चन सख्त लहजे में नव्या को समझाती भी हैं। दोनों के बीच की यह केमिस्ट्री फैंस को काफी एंटरटेनिंग लगती है। हाल ही में नव्या नवेली नंदा ने अपने पॉडकास्ट का आखिरी एपिसोड जारी किया जिसमें जया बच्चन भी उनके साथ थीं।

## नानी ने दी यह काम की सलाह

इस पॉडकास्ट में जया बच्चन और नव्या के बीच ढेर सारी बातें हुईं और बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपनी नातिन को निजी जिंदगी के बारे में भी कुछ टिप्स दिए। आज के जमाने की फ्रेंडशिप और प्यार के बारे में बात करते हुए जया बच्चन ने नव्या को समझाया कि तुम्हें अपने सबसे अच्छे दोस्त से शादी करनी चाहिए। जया बच्चन ने कहा, शादी के बाद प्यार तो एक दिन खिड़की के रास्ते बाहर चला जाता है।

## मां और बेटी के बीच रिलेशनशिप पर बात

तब नव्या नवेली नंदा ने सवाल किया, लेकिन अगर दो लोग सिर्फ दोस्त हैं तब क्या? यह जरूरी नहीं है कि वो एक दूसरे के साथ रोमैंटिकली इनवॉल्व हों। तब श्वेता बच्चन ने बात बीच में काटते हुए कहा, अगर तुम यह पूछ रही हो कि अगर तुम्हारी तुम्हारे दोस्त को लेकर कोई फीलिंग्स हैं तो क्या तुम्हें आगे बढ़ना चाहिए? मैं कहूंगी जिंदगी बहुत छोटी है। आगे बढ़ना चाहिए। श्वेता ने कहा कि इससे दोनों की दोस्ती पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। इसके बाद श्वेता बच्चन ने डिटेन में जवाब दिया।

## श्वेता बच्चन का प्यार को लेकर लंबा जवाब

श्वेता बच्चन ने कहा, रिश्ता तो वैसे भी बर्बाद होना है। क्योंकि अगर किसी एक की दूसरे के प्रति फीलिंग्स हैं और दूसरा उन भावनाओं का आइना नहीं बन रहा है तो रिश्ता तो वैसे भी खत्म हो जाना है। अगर रिश्ता वाकई उतना गहरा और मजबूत है और दोनों का एक दूसरे के प्रति लगाव है, तो एक बार जब दर्द और तकलीफ वापस जाएगी तो दोनों वापस दोस्ती वाले स्तर पर लौट आओगे। और अगर ऐसा नहीं होता है तो वैसे भी क्या ही फर्क पड़ने वाला है।

# लव नहीं अरेंज है आरती सिंह और दीपक चौहान की शादी

**टीवी एक्ट्रेस आरती सिंह की शादी जल्द होने वाली है। हाल ही में उन्होंने अपनी शादी की तारीख का ऐलान करते हुए बताया कि ये उनकी लव नहीं अरेंज मैरिज है। आरती की शादी इसी महीने है। कृष्ण अभिषेक के साथ उलझे रिश्ते के बीच क्या मामा गोविंदा शादी में शिरकत करेंगे? ये सवाल फैंस के मन में है, लेकिन आरती को पूरा भरोसा है कि चीची मामा पक्का शादी में शामिल होंगे।**



## भांजी को है पूरा भरोसा, बोलीं- 'चीची मामा जरूर आएंगे'

गोविंदा की भांजी टीवी एक्ट्रेस और 'बिग बॉस 13' की कंटेस्टेंट रह चुकीं आरती सिंह जल्द शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। उन्हें अपने सपनों का राजकुमार मिल गया है। कृष्णा अभिषेक ने अपनी बहन की शादी की पुष्टि की थी। उन्होंने बताया था कि इसी साल उनकी बहन का शादी होने वाली है और शादी का पहला कार्ड उनके मामा गोविंदा को ही जाएगा। अब आरती ने अपनी शादी की तारीख का खुलासा कर दिया है। इसके साथ उन्होंने भरोसा जताया है कि उनकी शादी में चीची (गोविंदा) मामा उन्हें आशीर्वाद देने जरूर आएंगे।

कृष्ण अभिषेक के साथ उलझे रिश्ते के बीच क्या मामा गोविंदा शादी में शिरकत करेंगे? ये सवाल फैंस के मन में है, लेकिन आरती को पूरा भरोसा है कि चीची मामा पक्का शादी में शामिल होंगे। आरती ने बताया कि इसी महीने की 25 तारीख को वह दीपक चौहान के साथ सात फेरे लेंने वाली हैं। दीपक का इंडस्ट्री से कोई लेना देना नहीं हैं। वह नवी मुंबई में एक बिजनेमैन हैं। दोनों की शादी मायानगरी मुंबई में ही संपन्न होगी।



आरती सिंह ने लव मैरिज की खबरों पर ब्रेक लगाया और उन्होंने बताया कि उनकी और दीपक की ये पूरी तरह से अरेंज मैरिज है। उन्होंने बताया कि एक प्राइवेट मैचमेकर ने उन्हें दीपक से मिलवाया था और यह एक अरेंज मैरिज है। आरती ने बताया कि उन्होंने जुलाई 2023 में बातचीत शुरू की, जिसके बाद उसी साल अगस्त में उनकी पहली मुलाकात तब हुई जब दीपक का बर्थडे था। जैसे-जैसे चीजें आगें बढ़ीं, मैंने नवंबर मे इस रिश्ते के लिए कमिटेड होने का फैसला किया।'

आरती ने बताया कि 1 जनवरी को दीपक ने दिल्ली में मेरे गुरुजी के मंदिर में अंगूठी पहनाकर मेरे सामने शादी का प्रपोजल रखा था और मैंने तब हां कह दिया था। उसी दिन और पल को मैं अपनी सगाई मानती हूं।

एक्ट्रेस ने हनीमून के बारे में कहा कि अभी वो शादी की तैयारी में बिजी हैं। हनीमून के बारे में प्लान करने का वक्त नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता फिलहाल शादी के बाद मंदिर जाना है। नए घर को बनाने के लिए एक्साइटेड हूं। यह सब हनीमून से भी ज्यादा जरूरी है।

माथे पर टीका, गले में हार...

# शादी के 6 महीने बाद प्रेग्नेंट एक्ट्रेस की ससुराल में हुई गोदभराई

साउथ की फेमस एक्ट्रेस अमला पॉल ने साल 2023 के आखिरी में लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जगत देसाई के साथ शादी की थी। शादी के कुछ समय बाद ही एक्ट्रेस ने बेबी बंप के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंस कर दी थी। और अब अमला पॉल ने बेबी शॉवर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर रस्म की तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति जगत देसाई के साथ रस्में करती दिखाई दे रही हैं। कपल के चेहरों पर बेबी के वेलकम की खुशी साफ झलक रही है।

गोदभराई रस्म के लिए अमला पॉल ने व्हाइट और रेड कलर की कांजीवरम साड़ी पहनी थी। एक्ट्रेस ने साउथ सिल्क



की हैं। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी कमाल की अदाओं और अदाकारी के लिए मशहूर अमला पॉल जल्द ही मां बनने वाली हैं। अमला ने साल 2024 की शुरुआत अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। शादी के तुरंत बाद एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर खलबली मच गई थी। हालांकि एक्ट्रेस के फैंस ने उनपर खूब प्यार लुटाया और खुशखबरी के लिए बधाई दी थी। तो वहीं अब एक्ट्रेस ने फैंस को अपनी गोदभराई रस्म की तस्वीरें दिखा दी हैं।

अमला पॉल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गोदभराई कांजीवरम साड़ी को गुजराती स्टाइल में ड्रैप किया था। साथ ही एक्ट्रेस ने माथे पर टीका और गले में हार भी पहना था। अमला ने खास दिन के लिए सॉफ्ट मेकअप और आधे बालों को बांधकर स्टाइल किया था।

गोदभराई रस्म की तस्वीरों में अमला पॉल के चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ दिखाई दे रहा है। तो वहीं एक्ट्रेस के पति जगत देसाई ऑफ व्हाइट कुर्ते-पजामे में खूब डैशिंग दिखाई दिए। बता दें, अमला पॉल ने 5 नवंबर 2023 को शादी की थी। फिर एक्ट्रेस ने जनवरी 2024 में अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस कर दी थी।

## अमला पॉल की फिल्में

अमला पॉल के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस आखिरी बार स्क्रीन पर फिल्म 'आडु जीवितम : द गोट लाइफ' में दिखाई दी थीं। इस फिल्म में अमला पॉल और पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में थे। तो वहीं रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस जल्द ही आसिफ अली की अपकमिंग थ्रिलर 'लेवल क्रॉस' में दिखाई देंगी।

# पुष्पा-2 में होगा इस दिग्गज क्रिकेटर का कैमियो? अल्लू अर्जन को टैग कर कहा- 'बेसब्री से इंतजार'

अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म पुष्पा 2 के लिए लोगों की धड़कनें तेज हो रही हैं। दो दिन बाद फिल्म का धमाकेदार टीजर रिलीज होने वाला है। इसकी अनाउंसमेंट के बाद से ही सिर्फ ऑडियंस ही नहीं बल्कि दिग्गज क्रिकेटर भी बेताब हैं। एक दिग्गज क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर पुष्पा 2 के लिए पोस्ट कर फैंस की धड़कनें बढ़ा दी है।

साल 2021 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा द राइज का क्रेज दुनियाभर में दिखा। नेशनल अवॉर्ड विनर अल्लू अर्जुन ने अपने अभिनय और स्टाइल से धमाल मचा दिया था। तीन साल बाद फिल्म का सीक्वल पुष्पा 2 द रूल आ रहा है। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 का इंतजार सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि दुनियाभर में किया जा रहा है। यहां तक कि इस फिल्म का एक दिग्गज क्रिकेटर भी फैन हो गया। अभिनेता के पुष्पा स्टाइल को रिक्रिएट करने के बाद क्रिकेटर शायद पुष्पा 2 में कैमियो भी कर सकता है। यह हम नहीं बल्कि खुद क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर हिंट दिया है।

## पुष्पा फैन हैं क्रिकेटर

हम बात कर रहे हैं ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर डेविड वॉर्नर की। डेविड पुष्पा मूवी के बहुत बड़े फैन हैं। जब फिल्म रिलीज हुई थी तो क्रिकेटर ने अल्लू अर्जुन के कई सीन्स को रिक्रिएट किया था। पुष्पाराज स्टाइल में डेविड ने चारों ओर लाइमलाइट बटोरी। अब उन्होंने फिल्म के सीक्वल को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। साथ ही कैमियो को लेकर भी हिंट दे दिया है।

## क्या पुष्पा 2 में डेविड वॉर्नर का है कैमियो?

दरअसल, 5 अप्रैल को अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पुष्पा 2 से धांसू पोस्टर शेयर किया है। डरावने लुक में अल्लू अर्जुन के हाथ में त्रिशूल है और हवा में लाल सिंदूर उड़ रहा है। इसके साथ उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 8 अप्रैल को रिलीज हो रहा है। इस पोस्ट पर डेविड वॉर्नर ने कमेंट कर फैंस को हैरान कर दिया।

## पुष्पा 2 के लिए बैचेन क्रिकेटर

यही नहीं, डेविड वॉर्नर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पुष्पा 2 का पोस्टर भी शेयर किया है। साथ ही क्रिकेटर ने कैप्शन में लिखा, इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। टीजर 8 अप्रैल को आ रहा वॉव। डेविड ने अल्लू अर्जुन को टैग भी किया है। एक्टर ने भी क्रिकेटर को थैंक्यू कहा।





# बियर-व्हिस्की और रम तो नशा करती ही हैं ⟷ अगर प्योर अल्कोहल डायरेक्ट चख लें तो क्या होगा

**कोई भी व्यक्ति जब शराब पीता है तो अल्कोहल तुरंत पचती नहीं है बल्कि वह तेजी से ब्लड सर्कुलेशन में एंटर करती है। जिसके बाद यह धीरे-धीरे शरीर के बाकी सभी हिस्से में पहुंच जाता है। शराब सबसे पहले दिमाग पर असर डालता है। फिर आपकी किडनी, फेफड़े और लिवर पर भी असर डालता है। हर इंसान के उम्र, लिंग और वजन पर शराब का अलग-अलग असर होता है।**

बियर-व्हिस्की और रम तो नशा करती ही हैं वहीं अगर प्योर अल्कोहल डायरेक्ट चख लें तो उसका क्या असर होगा इसी सवाल के जवाब की तलाश में हमने काफी कुछ रिसर्च किया। आखिर में हमें क्वोरा पर लिखे गए कुछ जवाब से हम संतुष्ट हुए वह आपके लिए लेकर आए हैं। क्वोरा पर जैक वेक्सन नाम के एक व्यक्ति लिखते हैं कि वास्तव मैंने हाल ही में प्योर अल्कोहल चखा है।

## प्योर अल्कोहल पीने पर पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती है

जैक वेक्सन लिखते हैं कि हाल ही में मैंने



इसोप्रोपिल अल्कोहल जोकि प्योर अल्कोहल है उसे उंगली के जरिए चखने की कोशिश की। मुंह में एक बूंद डालते ही लगा जैसे मेरे मुंह के अंदर किसी ने आग लगा दी हो। जबकि मैंने ज्यादा नहीं एक बूंद ही आजमाई थी। लेकिन मैंने अपने अनुभव से कहता हूं कि यह मेरे अब तक का सबसे दर्दनाक ड्रिंक था। अगर आप सिर्फ इसे चखना चाहते हैं तो तब भी ठीक है लेकिन अगर आप इसे पीने की कोशिश करेंगे तो इससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती है।

## 2 मिनट के लिए मुंह का टेस्ट हो जाएगा खराब

प्योर अल्कोहल अगर किसी ने चख लिया है तो 2 मिनट के लिए मुंह का पूरा टेस्ट खराब हो जाएगा।


## राष्ट्रीय राजधानी विष केंद्र ने क्या कहा

प्योर अल्कोहल एक बूंद चखने तक ठीक है। लेकिन आप शॉट या एक-2 गिलास पीने का सोच रहे हैं तो आपके शरीर के लिए गंभीर साबित हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी ज़हर केंद्र ने साफ शब्दों में कहा है कि प्योर अल्कोहल चखने तक ठीक है लेकिन अगर आप इसकी ज्यादा मात्रा पिएंगे तो यह मुश्किल पैदा कर सकती है।

# मिलिए हीरामंडी के नवाबों से

## फरदीन खान-शेखर सुमन का फस्ट लुक रिलीज

**संजय लीला भंसाली ने अपनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के नवाबों के दीदार फैंस को करवा दिए हैं। 'हीरामंडी' में नवाब बने एक्टर फरदीन खान और शेखर सुमन नजर आने वाले हैं। सभी एक्टर्स के लुक काफी दमदार हैं।**




संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' के चर्चे लंबे वक्त से हो रहे हैं। इस सीरीज में मनीषा कोइराला संग सोनाक्षी सिन्हा और रिच चड्ढा जैसी बेहतरीन एक्ट्रेसेज ने काम किया है। सभी इसमें तवायफों का रोल निभा रही हैं, जो उस जमाने के रेड लाइट एरिया 'हीरामंडी' में रहती और काम करती हैं। एक्ट्रेसेज के लुक्स और दो गानों सकल बन और तिस्लीमी बाहें से पर्दा उठाने के बाद भंसाली ने अपने शो के नवाबों के दीदार भी फैंस को करवा दिए हैं। 'हीरामंडी' में नवाब बने एक्टर फरदीन और शेखर सुमन नजर आने वाले हैं। दोनों के फर्स्ट लुक रिलीज कर दिए गए हैं। लंबे वक्त से फरदीन खान के फिल्मी पर्दे पर कमबैक को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। ऐसे में अब ऐलान कर दिया गया है कि फरदीन खान 'हीरामंडी' से कमबैक करेंगे। साथ ही ये उनका डिजिटल डेब्यू भी होगा। सीरीज में फरदीन खान, वली मोहम्मद नाम के नवाब का रोल निभा रहे हैं, जो प्यार और जिम्मेदारी के बीच फंसा हुआ है।

फरदीन के अलावा शेखर सुमन भी सीरीज का हिस्सा हैं। शेखर, नवाब जुल्फिकार की भूमिका में हैं, जो मल्लिकाजान के कदमों में अपनी वफादारी रखता है। जुल्फिकार और उसकी महत्वाकांक्षा के बीच सिर्फ एक चीज खड़ी है और वो है हीरामंडी। शेखर के बेटे अध्ययन सुमन भी इस सीरीज का हिस्सा हैं। वो इस शो में जोरावर' का किरदार निभा रहे हैं। जोरावर को ऋचा चड्ढा के किरदार लज्जो से मोहब्बत है। लेकिन ये मोहब्बत उसका इम्तिहान भी लेने वाली है। एक्टर ताहा शाह भी हीरामंडी का हिस्सा हैं। वो नवाब के बेटे ताजदार का रोल निभा रहे हैं। परंपरा और प्रेम के बीच फंसा ताजदार आजादी के माध्यम से अपने उद्देश्य को तलाश रहा है। चारों एक्टर्स के लुक एक से बढ़कर एक हैं। साथ ही उनके किरदार भी काफी दिलचस्प लग रहे हैं। लुक पोस्टर से ही साफ है कि भंसाली की सीरीज धमाकेदार होने वाली है। संजय लीला भंसाली, 'हीरामंडी' के साथ अपना डिजिटल डेब्यू कर रहे हैं। इसका म्यूजिक भी उन्होंने ही दिया है। इस सीरीज में संजीदा शेख, शर्मीन सहगल और अदिति राव हैदरी भी नजर आएंगी। सीरीज नेटफ्लिक्स पर 1 मई को रिलीज होने वाली है।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### बिहान समूह की महिलाएं रैली और नारा से कर रही मतदाता जागरूकता

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान में मतदान के महत्व को ग्रामीण, शहरी, दिव्यांग, युवा, सभी प्रकार के मतदाताओं को समझाने और उनके मतदान के उपयोग के लिए प्रेरित करने हेतु बीएलओ और बिहान समूह की महिलाओं ने अपना एकमात्र उद्देश्य बना लिया है। निर्वाचन गतिविधियों में वे सम्मिलित होकर लोकतंत्र के पर्व, देश के गर्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक सेतु का कार्य कर रही हैं। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गोड़म में बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता स्वीप अंतर्गत सामूहिक मतदाता शपथ ली। इसके साथ ही गांव की गलियों में सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो बोट देहे बर का नारा लगायीं। गांव के खेत-खलिहान क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण श्रमिकों के कार्यस्थल में भी मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की ओर से यह जनजागरूकता के लिए अभियान के रूप में पूरे जिले में किया जा रहा हैं।

### स्वीप संध्या का रंगारंग आयोजन: हम भारत भाग्य विधाता है, हम भारत के मतदाता हैं

**बिलासपुर।** मैं भारत हूं,भारत है मुझमें,मैं ताकत हूं,ताकत हैं मुझमें,हम भारत भाग्य विधाता है,हम भारत के मतदाता हैं। लहरा दो,लहरा दो सरकशी का परचम लहरा दो ऐसे और कई गानों के जरिए हैप्पी स्ट्रीट में मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन के तत्वाधान में बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शनिवार की शाम हैप्पी स्ट्रीट में स्वीप संध्या एक शाम,लोकतंत्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में शहरवासियों ने हिस्सा लिया। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाएं जा रहे मतदाता जागरण अभियान स्वीप के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में शहरवासियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अधिक से अधिक संख्या में आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देने विशेष रुप से रायपुर से आएं इंडियन रोलर ग्रुप की प्रस्तुति ने शहरवासियों का मन मोह लिया। देशभक्ति और अनेक प्रकार के गानों पर देर शाम तक शहरवासी झूमते रहें। इस अवसर पर प्रमुख रुप से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह,निगम कमिश्नर अमित कुमार, डीएफओ सत्यदेव शर्मा, जिपं सीईओ आरपी चौहान, सीएसपी पूजा कुमार,सीएसपी उमेश गुप्ता,आईएफएस अभिनव कुमार,निगम अपर कमिश्नर खजांची कुम्हार समेत स्मार्ट सिटी,नगर निगम एवं जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहें। हैप्पी स्ट्रीट में आयोजित स्वीप संध्या कार्यक्रम में विशेष रुप से रायपुर से आएं इंडियन रोलर ग्रुप ने राक बैंड और गानों के जरिए शनिवार की शाम को खास बना दिया। वंदे मातरम वंदे मातरम,सुनों गौर से दुनियां वालों बुरी नजर ना हम पे डालों सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी,तेरी मिट्टी में मिल जावां और चक दें इंडिया जैसे देशभक्ति गानों से लोगों में देशभक्ति का जोश भर दिया। वहीं तेरी दीवानी, सांसों की माला में,रमता जोगी,तू माने या ना माने दिलदारा और मेरे रश्क ए कमर जैसी गीतों से शहरवासियों में उमंग भर दिए। रात 9.30 बजे तक चलें कार्यक्रम में शहरवासी उमंग और उत्साह के साथ कार्यक्रम का लुत्फ उठाते रहें।इसके अलावा अंध मूक बधिर शाला के छात्र लव सिंह राजपूत एवं साथियों द्वारा स्वीप के ऊपर बनाए गए उनके खुद के गीत को गाया।

# स्मोकिंग जोन की आड़ में नशा परोसने वाली दो दुकानों में लगाया गया ताला

## विधायक रिकेश के निर्देश के बाद हुई कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। वैशाली नगर विधानसभा के नेहरू नगर, सुपेला में ब्रेकफास्ट सेंटर, छोटे रेस्टोरेंट और बेटल शाप का गुमास्ता लायसेंस लेकर स्मोकिंग जोन की आड़ में अन्य खतरनाक फ्लेवर्स का नशा मुहैया कराने वाली सभी दुकानें तत्काल बंद करने विधायक रिकेश सेन के निर्देश बाद ऐसे चिन्हित प्रतिष्ठानों पर ताला लगना शुरू हो गया है।




विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा में कई वर्षों से संचालित ऐसे स्मोकिंग जोन की सूची बना इनका गुमास्ता कैंसल करने निगम प्रशासन को कहा था नतीजतन मार्केट व्यवसायियों की शिकायत बाद ऐसे चिन्हित व्यवसायियों का गुमास्ता रद्द करने की शुरुआत वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में हो चुकी है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि नेहरू नगर में लंबे समय से ऐसे स्मोकिंग जोन की शिकायत वहां के व्यापारी कर रहे थे। स्मोकिंग जोन बना युवाओं की यहां देर रात तक बैठक होती थी और विभिन्न प्रकार का नशा यहां मुहैया कराया जा रहा था जिससे आस पास में पूरे मार्केट की छवि और वातावरण खराब हो रहा था। ऐसी दुकानों के पास नशे में लिप्त असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से महिलाओं और परिवार सहित मार्केट पहुंचे लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं साथ ही ऐसी दुकानों पर लगी जमघट से लोग आसपास की दुकान जाने से कतराते थे।

शुक्रवार की देर शाम यहां अचानक विधायक रिकेश सेन के पहुंचने पर दर्जन भर युवा वहां से भाग निकले थे। होटल ग्लासी और फुड फैक्ट्री के समीप पेड़ के नीचे बैंच लगा कर अनेक युवा और नाबालिग यहां कश लगाते बैठे थे। विधायक रिकेश सेन ने तत्काल संचालक को फोन लगा दुकान बंद करने कहा था। इस बीच मार्केट के व्यवसायियों ने विधायक को बताया कि ऐसी दुकानों के संचालन से पूरा मार्केट परेशान था। निगम प्रशासन को भी ऐसे चिन्हित गुमास्ता की जांच कर उन्हें रद्द करने के निर्देश दिए गए नतीजतन अब ऐसी दुकानों को बंद कराया जा रहा है।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि कई देश अब तंबाकू सेवन को खत्म करने की रणनीति की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सड़कों, समुद्र तटों और खुले पार्कों में भी तंबाकू सेवन पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया है जबकि हमारे देश में होटलों और रेस्तराओं जैसी बंद जगहों पर स्मोकिंग जोन की अनुमति है।

यह धूम्रपान नहीं करने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है, हमें इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाना होगा। स्मोकिंग जोन की आड़ में हुक्का फ्लेवर, तम्बाखू और अन्य जहरीले नशे परोसे जा रहे हैं जो कि युवा पीढ़ी के लिए खतरनाक है। विभिन्न कालेज, कोचिंग के स्टूडेंट्स की यहां महफिल लगने की शिकायतें थीं ऐसी उदंडता को प्रेरित करने वाली कुसंस्कृति को रोकना होगा। ऐसे स्मोकिंग जोन? युवाओं की दशा और दिशा बिगाड़ रहे हैं?, वैशाली नगर विधानसभा में ऐसे कोई जोन संचालित नहीं होंगे।

जिला भाजपा कार्यालय में बनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस

# चुनाव लड़ना ही हमारी प्राथमिकता नहीं राष्ट्र निर्माण एवं भारत को राष्ट्रगुरु बनाना हमारी पार्टी का उद्देश्य- विजय बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** भारतीय जनता पार्टी की 45 वा स्थापना दिवस आज भिलाई जिला कार्यालय प्रदर्शनी परिसर में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला के अध्यक्ष महेश वर्मा जी द्वारा की गई कार्यक्रम की शुरुआत में भारत माता जी एवम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं जय घोष के नारे लगे।




तत्पश्चात लंबे समय से जुड़े भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओ का सम्मान किया गया इस सम्मान समारोह में प्रभुनाथ मिश्रा, शंकर लाल देवगन, सत्यनारायण अग्रवाल ,राजेंद्र मिश्रा, बृजेश बीचपुरिया, लाल चंद मौर्य, रु ह्र सिंह, खिलावन साहू, नंद लाल पासवान को साल एवम श्रीफल भेंट किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए सांसद विजय बघेल ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा की 1984 में 2 सांसद हमारे थे और 2024 में 400 से उप्पर सांसद जीत कर आ रहे है। भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य सिर्फ चुनाव लड़ना ही नहीं राष्ट्रगीत में कार्य करना और भारत को राष्ट्रगुरु बनाना है। यह वही भारतीय जनता पार्टी है जो आज विश्व में सबसे बड़े पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है और सबसे ज्यादा सदस्यो वाली पार्टी है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने कहा कि यह संगठन वरिष्ठ जनों के खून पसीने की मेहनत से बनी पार्टी है आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही भारत एक नई ऊंचाई की ओर अग्रहित कर रहा है आज हमारे बीच भी हमारे वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित है जिनकी आशीर्वाद से आज 400 पर के नारे को प्राप्त करने जा रहे है।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री योगेंद्र सिंह एवं आभार जिला उपाध्यक्ष राम उपकार तिवारी द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, वीरेंद्र साहू, खिलावन साहू, कन्हिया सोनी, तुलसी साहू , निर्मला यादव, विजय जसवाल, संतोष मौर्य, रणजीत सिंह, राहुल परिहार, अमित मिश्रा, स्वीटी कौशिक सहित अन्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने 11 मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 सफलतापूर्वक संपन्न कराने जिले में सभी तैयारी जारी है। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजिम नगर के 11 मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने शा.प्रा.शा.नवीन भवन राजिम भाग अ,ब एवं स,स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट राम बिसाल पाण्डे उच्च.माध्य.विद्यालय राजिम कक्ष क्रमांक 1 एवं 2,कन्या प्रा.शाला भवन राजिम भाग अ एवं ब,शा.प्रा.शा.भवन दमोवा पारा राजिम,स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) राम बिसाल पाण्डे उच्च.माध्य.विद्यालय राजिम एवं देवी सम्पत् शा.उ.मा.शाला भवन राजिम (पथर्रा) भाग स एवं द मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहा मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में सभी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी,शौचालय आदि क्रियाशील रहे, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम के मतदान केंद्रों में पहुंचकर सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों में सुनिश्चित की गई आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे रैम्प,लाईट,साइन बोर्ड,शेड सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया।

# अनोखे अंदाज में लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने की चुनावी यात्रा आरंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने अनोखे अंदाज में चुनावी यात्रा का आरंभ कर दिया है। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में शनिवार को वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, राजेंद्र तिवारी, छाया वर्मा, अनीता शर्मा, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा, प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल की मौजूदगी में न्याय रथ का शुभारंभ किया। इस दौरान विकास उपाध्याय की माता एवं उनकी धर्मपत्नी सहित बच्चे भी उपस्थित थे। उन्होंने अपनी माता से आशीर्वाद लेकर चुनावी यात्रा के लिए निकल पड़े।



विकास उपाध्याय रायपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले नौ विधानसभाओं में न्याय रथ के माध्यम से चुनाव का प्रचार करेंगे। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 29 ब्लॉकों में न्याय रथ में सवार होकर जाएंगे गांव-गांव घूम कर वह अपना प्रचार करेंगे। कार्यकर्ताओं किसानों मजदूर महिलाओं एवं युवाओं से मुलाकात करेंगे। यात्रा के समापन के पश्चात वह न्याय रथ में ही रात्रि विश्राम करेंगे फिर अगले दिन सुबह से ही गांव में प्रभात फेरी कर यात्रा की शुरुआत करेंगे।

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कहा कि लोकसभा 29 ब्लाक के अंतर्गत आने वाले 2000 से अधिक गांव में रहने वाले 23 लाख मतदाताओं के पास कांग्रेस की 10 गारंटी एवं 25 न्याय को पहुंचाया जाएगा वरीष्ठ नेताओ एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इन सभी लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा। शनिवार से इस यात्रा की शुरुआत हो गई है। विकास उपाध्याय ने ग्राम मुरा में प्रभात फेरी कर कार्यकर्ताओं के साथ भेंट मुलाकात की तत्पश्चात रायखेड़ा में कार्यरत मनरेगा श्रमिकों से मुलाकात की। धंसूली में जनसंपर्क करने के बाद ग्राम बंगाली के लिए रवाना हुए जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। स्वागत करने के पश्चात जनसंपर्क भी किया गया। इसके बाद रवौना में मनरेगा मजदूरों से मुलाकात की एवं कांग्रेस द्वारा श्रमिकों के लिए श्रमिक न्याय गारंटी की जो घोषणा की गई है जिसके तहत कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रतिदिन ?400 की दर से मजदूरों को भुगतान किया जाएगा इस गारंटी को मनरेगा मजदूरों को बताया।

जामबाड़ी माठ में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए जहां वरिष्ठ कांग्रेसियों का सम्मान किया गया एवं समाज के प्रमुखों का सम्मान करके उनके साथ भोजन भी किया। खरोरा में चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ बैठक की गई एवं प्रेस क्लब के सदस्यों से मुलाकात करने के पश्चात नगर भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा मस्जिद एवं महामाया मंदिर के दर्शन किए।

# अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाए चुनाव का राष्ट्रीय पर्व - कलेक्टर

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप महोत्सव में सभी को मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

- विशाल मानव श्रृंखला के माध्यम से वोट राजनांदगांव 2024 बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने का दिया गया संदेश
- युवाओं ने म्यूजिकल कॉन्सर्ट के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। स्वीप महोत्सव में विशाल मानव श्रृंखला के माध्यम से वोट राजनांदगांव 26 अप्रैल 2024 बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित स्वीप महोत्सव में अभूतपूर्व उत्साह के साथ नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।




इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुरूचि सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित थे। स्वीप महोत्सव में युवाओं एवं बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाताओं को जागरूक करने ऊर्जा एवं उत्साह के साथ बहुत अच्छी प्रस्तुति दी। स्वीप महोत्सव में युवाओं ने म्यूजिकल कॉन्सर्ट द्वारा स्वीप एवं देश भक्तिपूर्ण गीतों से समा बांधे रखा, वहीं रैप सांग ने सब का दिल जीत लिया। राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी खिलाडियों ने बहुत अच्छा रोप स्कीपिंग किया तथा कमला कॉलेज एवं दिग्विजय कॉलेज के युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। बिहान समूह की महिलाओं द्वारा सुआ गीत में बहुत अच्छा नृत्य प्रस्तुत कर मतदान के दिन सभी कार्य छोड़कर सबसे पहले मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप महोत्सव में स्वीप सेल्फी जोन बनाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह के साथ सेल्फी ली और 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए आव्हान किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश में सभी पर्व बहुत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। ऐसे ही चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व है इसे हमें खुशी एवं उत्साह के साथ मनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि प्रत्येक मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज है वे मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि यहां से प्रेरणा लेकर अन्य 10-10 लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें अन्य 10-10 लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने कहा। जिससे जिले के सभी मतदाता जागरूक होंगे और अपने मतदान के अधिकार और कर्तव्य को अच्छे से समझेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं एवं महिलाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बहुत अच्छे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे मतदाताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे ने जिले के सभी नागरिकों से 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए अपील की। उन्होंने बताया कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने देश को आगे बढ़ाने में सहभागिता देंगे। मतदान के लिए हम एक दूसरे को प्रेरित करेंगे तो निश्चित तौर पर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। इस असवर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालय के विद्यार्थी, खिलाड़ी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, बिहान समूह की महिलाएं, स्वच्छता दीदी तथा नागरिकगण उपस्थित थे। स्वीप महोत्सव कार्यक्रम का सफल संचालन एपीसी प्रणिता शर्मा और मनोज मरकाम ने किया।

### मतदाता सूचना पर्ची वितरण का कार्य प्रारंभ

**कांकेर।** लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के द्वितीय चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-11 कांकेर (अजजा) के लिए मतदान 26 अप्रैल 2024 को प्रात: 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक सम्पन्न होना है। आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु सभी पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वितरण का कार्य किया जाना है। जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूचना पर्ची वितरण किया जा रहा है और मतदान दिवस के 05 दिवस पूर्व तक किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा जिले के सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि मतदान दिवस के दिन बीएलओ द्वारा प्राप्त मतदाता सूचना पर्ची के साथ मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उक्त मतदाता सूचना पर्ची को सभी मतदाता संभालकर रखें, ईपिक कार्ड नहीं होने पर भी अन्य 12 प्रकार के पहचान पत्र दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** ऑपरेशन निजात के तहत रायपुर पुलिस ने ढाई किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुलाब कंडरा के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। मामला आमानाका थाना का है। 6 अप्रैल को थाना आमानाका थाना को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत चंदनडीह रेलवे पटरी खारुन नदी घाट के पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री के लिए ग्राहक खोज रहा है। सूचना पर थाना आमानाका पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम गुलाब कंडरा पिता बृजलाल कंडरा 27 वर्ष निवासी रेल्वे किनारे चंदनडीह थाना डी डी नगर जिला रायपुर बताया। आरोपी के पास रखे थैला की तलाशी लेने पर थैला में गांजा बरामद हुआ। आरोपी गुलाब को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 5 ग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 25,000/- रुपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 171/2024 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

### जुआ खेलते 5 जुआरी पकड़ाये, 15950 रुपये नगद बरामद

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में अगामी लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने अवैध गांजा - शराब बिक्री, जुआ, सटटा, तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत मुखबीर की सूचना पर ग्राम कांकेतरा खार में जुआ खेल रहे नरेन्द्र रेड्डी पिता स्व. नरसिंग रेड्डी 46 साल निवासी जमातपारा वार्ड नं. 24, मो. बशीर पिता स्व. मो. युसुफ 42 निवासी स्टेशनपारा वार्ड नं. 12 ओपी चिखली,गजेन्द्र लाल सिन्हा पिता रघुवीर लाल सिन्हा 24 वर्ष निवासी तुलसीपुर, टेकराम देवांगन पिता निरंजन देवांगन 42 वर्ष निवासी बोरी ओपी चिखली तथा फलेन्द्र देवांगन पिता गोर्वधन देवांगन 40 वर्ष निवासी बोरी ओपी चिखली राजनांदगांव को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी रकम 15950/- रुपये, 04 नग मोबाईल कीमती 19500/- रुपये व घटना स्थल से 05 नग मोसा.जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

### रूद्री नहर में बच्चे का मिला शव

**धमतरी।** जिले के रुद्री के मुख्य नहर में बहे एक बच्चे का शव को 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों की टीम बरामद कर लिया है। बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार को कक्षा 9वीं के चार छात्र परीक्षा खत्म होने के बाद मुख्य नहर की ओर गए हुए थे। वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट के आगे हनुमान मंदिर के पास नहाने के लिए पहुंचे। उसमें से 2 दोस्त पानी में नहाने उतरे इसी दौरान दोनों तेज बहाव में डूबने लगे। वहीं राहगीर ने एक बच्चे को बचा लिया और दूसरा बच्चा बह गया, जिसका नाम यश मालू 12 वर्ष पिता मदन मालू मराठा पारा निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही रुद्री थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी विंकेश्वरि पिंदे, होमगार्ड कमांडेंट अपने गोताखोरों के साथ पहुंची। जानकारी मिलने पर कलेक्टर नम्रता गांधी और एसडीएम विभोर अग्रवाल भी पहुंचे।

# ग्राहक की तलाश में घूम रहा चोर गिरफ्तार, 6 बाइक व 4 स्कूटी जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने एक बड़े दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने भिलाई से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 10 दो पहिया वाहन जब्त किए गए हैं। सभी वाहन चोरी के हैं। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। एएसपी क्राइम ऋचा मिश्रा ने बताया कि जिले में लगातार वाहनों की चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने इस मामले में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए एक टीम गठित की। जामुल, छावनी थाना और क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुम्हारी बस्ती



केडिया रोड निवासी लक्ष्मण बारले (23) चोरी की बाइक और स्कूटी बेचने के लिए जामुल थाना क्षेत्र में ग्राहक की तलाश में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर लक्ष्मण को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे थाने लाया गया। यहां पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके पास जो बाइक है, वो चोरी की है। उसने ये भी बताया कि उसने सुपेला क्षेत्र से 1 बाइक, जामुल क्षेत्र से 2 बाइक, थाना छावनी क्षेत्र से 2 एक्टिवा, थाना पुरानी भिलाई से क्षेत्र से 1 बाइक, थाना मोहन नगर क्षेत्र से 2 बाइक और 1 एक्टिवा, थाना दुर्ग कोतवाली क्षेत्र से 1 एक्टिवा सहित कुल 6 बाइक और 4 स्कूटी चोरी की है। पुलिस ने उसके पास सभी गाड़ियों को जब्त कर लिया है।

### रायपुर में भी वाहन चोरी के केस में जा चुका है जेल

गिरफ्तार आरोपी लक्ष्मण बारले इससे पहले भी बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। रायपुर पुलिस ने उसे वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कुछ दिन पहले ही वो जेल से बाहर आया और फिर से उसी काम में लग गया।

एसपी दुर्ग के निर्देश में जो टीम गठित की गई उसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (दुर्ग) अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राईम) ऋचा मिश्रा (रापुसे), उप पुलिस अधीक्षक (क्राईम) हेम प्रकाश नायक, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल का मार्गदर्शन रहा। साथ ही इसमें एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, थाना प्रभारी मोहन नगर अकांक्षा पाण्डेय, थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक केशव राम कोशले, थाना प्रभारी छवनी चेतन सिंह चन्द्राकर, थाना प्रभारी पुरानी भिलाई निरीक्षक पीला दाउ चंद्रा, थाना प्रभारी दुर्ग निरीक्षक महेश ध्रुव सहित एसीसीयू और थानों की टीम शामिल रही।

# सुपेला के दो घरों में दिन दहाड़े चोरी

## डॉक्टर व शंकराचार्य कॉलेज के कर्मी के घर लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र में शनिवार को दिन दहाड़े दो घरों में चोरी की वारदात सामने आई है। दोनों घरों में चोरी का पैटर्न एक जैसा है। दोपहर को चोरों ने इन घरों में सेंधमारी की और नगदी सहित लाखों के गहने पार कर दिए। एक चोरी प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व में सातवीं वाहिनी भिलाई में कार्यरत एक महिला डॉक्टर के घर पर हुई। वहीं दूसरी चोरी नेहरू नगर ईस्ट में श्री शंकराचार्य कॉलेज में काम करने वाले कर्मचारी के घर पर हुई। दोनों चोरियों की शिकायत सुपेला थाने में दर्ज कराई गई है। फिलहाल पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

सुपेला पुलिस के अनुसार प्रियदर्शनी परिसर पूर्व सुपेला निवासी डॉ मंजूषा उमरेडकर (50) सातवीं वाहिनी भिलाई में डॉक्टर के पद पर कार्यरत है। उनके पति गिरीश उमरेडकर बीएसपी अस्पताल सेक्टर-9 में डाक्टर हैं। उनका बेटा अक्षत उमरेडकर भी एमबीबीएस की पढ़ाई चंदुलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज में कर रहा है। शनिवार की सुबह 10 बजे डॉ






मंजुषा अपने बेटे अक्षत को उसके कालेज छोडते हुए डयूटी चली गई। उयके पति भी डयूटी चले गए। इधर घर पर ताला लगा था।

### घर में बिखरा पड़ा था सामान

दोपहर 2-00 बजे जब डॉ मंजूषा अपने बेटे को कालेज से लेते हुये घर आई और मेन गेट का दरवाजा खोलकर घर अंदर गई तो देखी की फ्रिज एवं बेडरूम का दरवाजा खुला हुआ है। पीछे की जाली वाला दरवाजा कटा हुआ था। पीछे का गेट भी खुला हुआ था। बेडरूम में देखने पर आलमारी का सामान बिखरा हुआ मिला। अंदर का लॉकर टूटा मिला। अलमारी से 40000 रुपए नगद, सोने का मंगलसूत्र, सोने का गले का नेकलेस, सोने का ब्रेसलेट, एक सोने की छोटी गले की चैन लाकेट लगा हुआ तथा उसी की मैचिंग कान की बाली व एक इयरिंग त्रिकोना डिजायन जिसमें डायमंड स्टोन लगा है। इसके अलावा एक सोने का फुल्ल के डिजायन का लम्बा इयरिंग भी गायब मिला। चोर ने लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस मामले में शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

### नेहरू नगर ईस्ट में हुई चोरी

इसी प्रकार एक अन्य चोरी नेहरू नगर ईस्ट में संजय भाटिया के घर पर भी हुई है। संजय भाटिया शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज भिलाई में काम करता है और उसकी पत्नी ममता भाटिया पोस्ट आफिस मे एजेंट का काम करती है। शनिवार को सुबह करीबन 10-00 बजे संजय भाटिया डयूटी पर चला गया और उसकी पत्नी दोपहर 2 बजे घर पर ताला लगाकर पोस्ट आफिस मीटिंग में चली गई थी। शाम 4 बजे संजय भाटिया जब वापस लौटा तो देखा कि मेन गेट खुला हुआ था। जब घर अंदर जाकर देखा तो घर का सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था तथा घर अंदर दोनो रूम कीआलमारी एवं लाकर का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी से नगदी 20000 रुपए, सोने का मंगलसूत्र, सोने का लाकेट, एक जोडी चांदी की पायल आदि चोरी हो गया। इस मामले में सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। फिलहाल पुलिस दोनों ही मामलों की जांच कर रही है।

# गैंगस्टर तपन सरकार को भेजा गया केंद्रीय जेल जगदलपुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग सेंट्रल जेल में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और एसपी जितेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई के बाद गैंगस्टर तपन सरकार को जगदलपुर केंद्रीय जेल और नितिन लिंबू उर्फ मुंकू नेपाली को रायपुर केंद्रीय जेल में कोर्ट के आदेश के बाद शिफ्ट किया गया है। इससे पहले दो कैदियों का जेल ट्रांसफर किया गया था। जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने कोर्ट में पेश होकर इनके लिए जेल ट्रांसफर का निवेदन किया था।

बताया जा रहा है कि ट्रांसफर आवेदन लगाने के बाद जेल अधीक्षक मनीष संभाकर खुद कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने तपन सरकार के जेल ट्रांसफर के लिए न्यायाधीश सुनीता टोप्पो के कोर्ट में उनके समक्ष अपना पक्ष रखा था। जिसके बाद जज ने तपन सरकार के जेल ट्रांसफर का आदेश जारी किया। कोर्ट के आदेश के बाद तपन के जगदलपुर जेल भेजने के लिए गाड़ी लगाई गई। वज्र नामक सरकारी गाड़ी में सशस्त्र बल के साथ उसे दुर्ग जेल से जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। लेकिन गाड़ी काफी पुरानी और छोटी होने के चलते काफी धीरे चल रही थी। लंबे सफर के हिसाब से गाड़ी कमजोर थी। इसकी सूचना तत्काल पुलिस लाइन में दी गई। फिर जिला अस्पताल में जब डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए गाड़ी को रोका गया। तब उस गाड़ी को बदलकर सरकारी बड़ी बस में उसे सीधे जगदलपुर रवाना किया गया। बताया जाता है कि उसके बाद दुर्ग और जगदलपुर के बीच में गाड़ी कहीं भी नहीं रुकी। सीधे सेंट्रल जेल जगदलपुर में तपन को सुपुर्द करने के वक्त ही गाड़ी रुकी।

जेल अधिकारी ने बताया कि जेल में बंद विचाराधीन बंदी को हवालाती बंदी कहा जाता है वहीं सजायाफ्ता को कैदी बंदी कहा जाता है। विचाराधीन बंदी न्यायालय के अंतर्गत आते है, वहीं सजायाफ्ता बंदी जेल प्रशासन के अंतर्गत आते है। उपेंद्र सिंह और रिंकू पांडे कैदी थे, इसलिए जेल प्रशासन ने मुख्यालय के आदेश पर उन्हें जेल ट्रांसफर किया है। वहीं तपन सरकार और मुंकू नेपाली विचाराधीन बंदी है तो उनके लिए जिस कोर्ट में उनका मामला चल रहा है, वही कोर्ट उसमें प्रशासन के आवेदन करने पर ट्रांसफर का आदेश दे सकता है।

# ईंट भट्ठों में अवैध रूप से कोयले का भण्डारण, पुलिस ने दी दबिश

**सरगुजा।** सरगुजा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत् पुलिस टीम और खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थाना गांधीनगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित आठ ईंट भट्ठों में दबिश दी गई है। संयुक्त टीम द्वारा मामले मे कार्यवाही करते हुए ग्राम सुखरी, सोनपुर, सोनपुरखुर्द, रनपुरकलॉ, बांकीपुर स्थित कुल 8 ईंट भट्ठा में दबिश दी गई। ईंट भट्ठा मे ईंट पकाने हेतु भण्डारित किये हुए कोयले के सम्बन्ध मे ईट भट्ठा संचालको से पूछताछ किया गया, जिसमें अरूण गोयल, प्रह्लाद गोयल, अम्बर सिद्दीकी, अजीम खान, किरण गोयल, दानिश रफिक द्वारा संचालित ईंट भट्ठों में अवैध रूप से भण्डारित कोयले के सम्बन्ध मे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, ऐसे इंर्ट-भट्ठों द्वारा भण्डारित 150 टन कोयले के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस जारी की गई है। अवैध कोयला भण्डारण के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने एवं आवश्यक लीज संबंधी दस्तावेजों उपलब्ध नहीं कराये जाने से सोनपुर स्थित सीपी शुक्ला संचालित इंर्ट भट्ठे को अवैध ईंट भट्ठा की कार्यवाही करते हुए संचालक के विरूद्ध मिट्टी इंर्ट का अवैध उत्खनन का प्रकरण खनिज विभाग द्वारा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है। साथ ही अवैध रूप से पकाई जा रही कुल 03 लाख से अधिक ईंटों को भी मौके से खनिज विभाग द्वारा जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। सभी इंर्ट भट्ठों को कोयला भण्डारण के संबंध में आवश्यक दस्तावेज संधारित करने, भट्ठा क्षेत्र में नोटिस बोर्ड लगाने और आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के लिए निर्देश दिये गए हैं।

# बिलासपुर पुलिस ने पिस्टल के साथ किया आरोपी को गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस ने जरहाभाठा जतिया तालाब के पास पिस्टल लेकर बैठे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने का प्लान बना रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को लगातार मुखबीर से सूचना प्राप्त हो रही थी कि मिनीबस्ती जतिया तालाब के पास कुछ लोग पिस्टल रखकर किसी गंभीर घटना को अंजाम देने के फिराक में है जिसके तस्दीक हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीसीयू अनुज कुमार, द्वारा एसीसीयू व थाना सिविल लाईन की टीम को उक्त सूचना के संबंध में तस्दीक करने हेतु आदेशित किया गया। टीम द्वारा लगातार मिनीबस्ती जतिया तालाब एवं आसपास के क्षेत्र में नजर रखी गई।

मुखबीर से सूचना मिली कि मिनीबस्ती जरहाभाठा निवासी हिमांशु रात्रे उर्फबिट्टू एवं सागर कुर्रे जतिया तालाब सुलभ के पास बैठे है पिस्टल रखे है एवं गंभीर घटना घटित करने के फिराक में है। सूचना के संबंध में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक से आदेश प्राप्त कर एसीसीयू टीम एवं थाना सिविल लाईन की टीम मिनी बस्ती जरहाभाठा जतिया तालाब सुलभ के पास आसपास के क्षेत्र जांच करते हुए पहुंची पुलिस को देखकर हिमांशु रात्रे, सागर कुर्रे भागने लगे जिन्हे दौड़कर पकड़ा।

पूछताछ में हिमांशु रात्रे द्वारा बताया गया कि जनवरी 2024 में मिनीबस्ती निवासी स्वराज कुर्रे के कहने पर भोपाल म.प्र. जाकर एक नग पिस्टल व दो नग जिंदा कारतूस लेकर आया था तथा स्वराज कुर्रे पूर्व में भी कई नग पिस्टल व जिंदा कारतूस मंगा चुका है कुछ दिन पूर्व थाना सिविल लाईन में स्वराज कुर्रे के विरूद्ध गैर जमानतीय अपराध कायम होने एवं जेल जाने की संभावना होने से स्वराज कुर्रे द्वारा दो नग पिस्टल, चार नग जिंदा कारतूस मुझे व एक नग पिस्टल, दो नग जिंदा कारतूस सागर कुर्रे के पास कुल तीन नग पिस्टल, छः नग जिंदा कारतूस छिपाकर रखने दिया था। आरोपी हिमांशु रात्रे उर्फ बिट्टू के कब्जे से एक नग पिस्टल, दो नग जिंदा कारतूस व घर से एक नग पिस्टल, दो नग जिंदा कारतूस तथा आरोपी सागर कुर्रे के कब्जे एक नग पिस्टल, दो जिंदा कारतूस कुल तीन नग पिस्टल, छः नग जिंदा कारतूस जप्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 1,20,000 रुपये है।

## घूम-घूम कर मध्यप्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड एवं गुजरात सहित अन्य राज्यों में भी दिया घटना को अंजाम

# नकली सोना गिरवी रखकर लगाया लाखों का चूना, 2 ठग गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नकली सोना गिरवी रखवाकर लाखों की ठगी करने वाले दो ठगों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बड़े ही शातिराना अंदाज में फर्जी बिल और आधार कार्ड दिखाकर जौहरियों को बेवकूफ बनाते थे और नकली सोने के जेवरात गिरवी रखकर लाखों की ठगी करते थे। दोनों आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले है, और बाकायदा फ्लाइट से आना-जाना करते थे। इन्होने रायपुर के कई जौहरियों को अपना शिकार बनाया। इनके खिलाफथाना विधानसभा, थाना आरंग और थाना पुरानी बस्ती में अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों से ठगी की अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों ने दोंदेकला के एक जौहरी के पास सोना का ब्रेसलेट गिरवी रखकर ढाई लाख रूपए



लिए थे। जब जौहरी ने ब्रेसलेट को चेक किया तो वह नकली निकला। जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना में अपराध क्रमांक 176/24 धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। ठीक इसी प्रकार आरोपियों ने थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत महामाया रोड स्थित समृद्धि ज्वेलर्स में भी नकली सोने का ब्रेसलेट गिरवी रखकर 2 लाख 10 हजार रुपए की ठगी की थी। जिस पर थाना आरंग में अपराध क्रमांक 317/24 धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है साथ ही थाना पुरानी बस्ती में भी आरोपियों के विरूद्ध अपरा धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थलों का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थियों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया है। टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थियों की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों के साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए उनके जमा किये गये एवं अन्य दस्तावेजों के माध्यम से भी आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। चूंकि प्रकरण में आरोपियों द्वारा दिया गया आधार कार्ड अन्य राज्य का था जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा इसी तरीका वारदात के आधार पर बाहरी गिरोह की भी जानकारी एकत्र करना प्रारंभ करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाते हुए तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से भी आरोपियों को लोकेट करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को आरोपियों की रायपुर में उपस्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों को चिन्हांकित करते हुए दोनो आरोपियों को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपियों द्वारा ठगी की घटना को अंजाम देने एवं रवाना होने हेतु फ्लाईट का उपयोग किया जाता था। ठगी की अन्य घटनाओं के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर इनके द्वारा देश भर में घूम-घूम कर मध्यप्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड एवं गुजरात सहित अन्य कई राज्यों में इसी तरीका वारदात के आधार पर ठगी की घटना को अंजाम देना बताया गया है। जिस संबंध में और भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

आरोपी अक्षय सोनी पूर्व में भी थाणे, मुम्बई महाराष्ट्र से ठगी के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है। आरोपी के कब्जे से ठगी की नगदी रकम 50,000/- रूपये जप्त कर कार्रवाई की गई है। साहेब बनर्जी पिता जोगेश बनर्जी उम्र 36 साल साकिन पृथ्वी पैराडाइस मीरा रोड इस्ट प्रेजेंट पार्क पुलिस स्टेशन- थाने मुम्बई महाराष्ट्र। अक्षय सोनी पिता हेमंत सोनी 27 साल साकिन- पृथ्वी पैराडाईश मीरा रोड इस्ट प्रेजेंट पार्क पुलिस स्टेशन थाणे मुम्बई महाराष्ट्र।

इस कार्रवाई में निरीक्षक मुकेश शर्मा थाना प्रभारी विधानसभा, निरीक्षक परेश पाण्डेय प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट सउनि सैयद ईरफान, प्रआर. वीरेन्द्र भार्गव, आर. मुनीर रजा, जसवंत सोनी, विरेन्द्र बहादुर सिंह, लक्ष्मी नारायण साहू म. आर. बबीता देवांगन तथा थाना विधानसभा से सउनि लखन साहू एवं आर. मुकेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### राष्ट्र ही भाजपा के लिए सर्वोपरि - गजेंद्र यादव

**दुर्ग।** भाजपा जनता पार्टी का आज 45वां स्थापना दिवस है। जनसंघ से निकली बीजेपी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने समस्त कार्यकर्ताओ को शुभकामनायें दी है वे ऐसे पार्टी के हिस्सा है जिन्होंने अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर सेवा ही संगठन के मंत्र पर कार्य करते है। इसीलिए आज पूरा देश कह रहा है हम भी मोदी के परिवार। बीजेपी स्थापना दिवस के मौके पर विधायक गजेंद्र ने भारतीय जनता पार्टी के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले महान विभूतियों के संघर्ष और त्याग को नमन करते हुए कहा की बीजेपी राष्ट्र प्रथम के ध्येय पर काम करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के सेवा में जुटी है। भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर देशभर में लोग भाजपा प्रवेश कर रहे है इससे विपक्ष के कार्यकर्त्ता भी अछूते नहीं। उन्होंने आगे कहा की छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार भाजपा ने बनाया है भाजपा ही संवारेगी के तहत काम कर रही है, महतारी वंदन योजना, किसानों से 3100? में धान खरीदी, पहली केबिनेट में 18 लाख आवास की मंजूरी, रामलला दर्शन योजना की शुरुआत कर चुनाव में जनता से मोदी की गारंटी को 100 दिन में ही पूरा करके भाजपा ने अपना वादा निभाया है।

### बीएसपी टीम ने जीता सेल स्तरीय चेयरमेन्स ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स का खिताब

**भिलाई।** सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रांची में 05 अप्रैल 2024 को चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स (सीटीवाईएम) 2023-24 के सेल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान में सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों एवं सेल की अन्य सर्विसेस यूनिटों का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न इकाइयों के फाइनलिस्ट टीमों द्वारा तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए गए। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम ने प्रतिष्ठित सेल स्तरीय प्रतियोगिता चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2023-24 का खिताब अपने नाम कर भिलाई का नाम रौशन किया। इस टीम के सदस्य हैं- सोनल श्रीवास्तव प्रबंधक (आरसीएल), सिद्धार्थ रॉय प्रबंधक और विनय कुमार पवार उप प्रबंधक । इस सेल स्तरीय प्रतियोगिता में पात्रता हासिल करने हेतु संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। संयंत्र स्तर पर प्रथम आने वाली टीम को एमटीआई, रांची में होने वाले सेल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पात्रता प्राप्त होती है। पूर्व में भिलाई में आयोजित संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता में श्री सोनल श्रीवास्तव, प्रबंधक (आरसीएल), सिद्धार्थ रॉय, प्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) और विनय कुमार पवार, उप प्रबंधक की टीम को विजेता घोषित किया गया था। इस वर्ष आयोजित प्रतियोगिता का विषय ईएसजी परिपालन से सेल के लिए सस्टेनेबल भविष्य-चुनौतियाँ व आगे की राह था। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में सेल में 45 वर्ष की आयु तक के सभी कार्यपालक भाग लेने के पात्र होते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा प्रबंधकों में रीडिंग और प्रबंधन अवधारणाओं द्वारा उनके आत्मविष्वास के भाव को प्रोत्साहित करना है। सेल स्तर पर विजेता टीम के प्रत्येक सदस्य को 30,000 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ एक विदेशी इस्पात संयंत्र का 3 दिवसीय दौरा करने का अवसर प्राप्त होता है। विजयी टीम को बीएसपी उच्च प्रबंधन ने बधाई दी है। सेल स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में बीएसएल, बोकारो की टीम ने प्रथम उपविजेता तथा आरएसपी राउरकेला की टीम ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

# भारत को समृद्ध व शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने कृत संकल्पित है भाजपा : रिकेश सेन

## वैशाली नगर में 51 वरिष्ठ नेताओं का सम्मान, भाजपा नेताओं ने कहा- संकल्प अटल फिर खिलेगा कमल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी बाजपेयी निर्वाचित हुए थे। आज का दिन भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ा विशेष है क्योंकि आज ही के दिन विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की स्थापना हुई थी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज वैशाली नगर वार्ड के खंडेलवाल भवन में आयोजित भाजपा स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए।



श्री सेन ने कहा कि राष्ट्रीय अखण्डता, कश्मीर के भारत में पूर्ण विलय, कबाइली वेश में पाकिस्तानी आक्रमण के प्रतिकार, परमिट व्यवस्था एवं धारा 370 की समाप्ति सहित पृथकतावाद से निरन्तर संघर्ष करने वाली एकमात्र पार्टी भारतीय जनसंघ या भाजपा है, अन्यथा कश्मीर का बचना कठिन था। बड़े ही संघर्षों के साथ हमारी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हमारी पार्टी की विचारधारा के नेताओं ने यहां तक इस पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया। आज भारतीय जनता पार्टी के जितने वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं जिन्होंने पार्टी को यहां तक पहुंचाया है उनके सम्मान का भी दिन है। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपानीत राजग शासन के दौरान रखी है। भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। साथ ही पार्टी का अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी विशेष जोर है।

आज इस समारोह में वैशाली नगर मंडल के वरिष्ठ भाजपा नेताओं का सम्मान किया गया। सभी नेताओं ने अपने अपने विचार रखे, कनिष्ठ कार्यकर्ता और युवाओं ने यह जाना कि किन नीति नियमों और अनुशासित आदर्शों पर चल कर भाजपा डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक का सफर पूरा कर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी। भाजपा स्थापना दिवस और सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मिथिला खिचरिया, प्रवीण पांडेय, शंकरलाल देवांगन, प्रभुनाथ मिश्रा, विजय सिंह, त्रिलोचन सिंह, जिला उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा, स्मिता दोड़के, प्रेमचंद देवांगन, विजय शुक्ला, दिनेश मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, विनय सेन, विजय तिवारी ने भी संबोधित किया। लोकसभा चुनाव में दुर्ग के प्रत्याशी सांसद विजय बघेल को वैशाली नगर विधानसभा से 1 लाख से अधिक मतों के अंतर से विजयी बना कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का भी संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया। समारोह में विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर मंडल के 51 वरिष्ठ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों भाजपाइयों ने फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प को दोहराते हुए मैं भी हूं मोदी परिवार का जयघोष किया। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भी भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने के संकल्प अटल खिलेगा कमल के लक्ष्य की शपथ का वाचन किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि श्रीमती अन्नू राणा, नमिता हांडा, स्नेहा शाह, भारती साहू, नीतू गुप्ता, कुलवंती सिंह, भारती देशमुख, अवतार सिंह, मदन सेन, मुरलीधर गुलहाने, निखिल सोनी, अखिलेश सिंह, मोतीलाल श्रीवास्तव, सहित भाजपा, भाजयुमो तथा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने लिया पार्टी को जीतने का संकल्प

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय में पार्टी का ध्वजारोहण और परिचर्चा का आयोजन करके मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। परिचर्चा में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस उन सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने वर्षों की अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। आज भाजपा देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है। भाजपा अपने विकासवादी विजन, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति हमेशा समर्पित रही है। भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति इसके कार्यकर्ता हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में दिन-रात जुटे रहते हैं। देश की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने में सक्षम है। केंद्र हो या राज्य, भाजपा ने सुशासन को नए सिरे से परिभाषित किया है। भाजपा सरकार की योजनाओं और नीतियों ने देश के गरीब और वंचित लोगों को एक नई ताकत दी है। जो लोग दशकों तक हाशिए पर रहे, उन्हें अपने लिए भाजपा में उम्मीद की बड़ी किरण दिखी। भाजपा उनकी सशक्त आवाज बनकर सामने आई, भाजपा ने समग्र विकास के लिए काम




किया है, जिससे हर देशवासी का जीवन आसान बना है। भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी अपने महापुरुषों कार्यकर्ताओं के स्वर्णिम संघर्ष की गाथा को याद कर रही है, जिनके अथक प्रयास मेहनत और संघर्ष के बदौलत आज पार्टी अपने स्वर्णिम दौर से गुजर रही है, आज 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर हमारे जनसंघ के एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता द्वारा किए गए संघर्ष को नमन करते हुए समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से आह्वान हैं कि उनके संघर्षों से उत्पन्न आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए पार्टी को सर्वोच्च शिखर पर लगातार विराजमान रखने के लिए सतत सक्रिय रहना चाहिए।

# मतदान केन्द्र की व्यवस्था दुरुस्त हो-आयुक्त ध्रुव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में नागरिक सुविधाजनक रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके इस हेतु नगर पालिक निगम के सीमा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाईनगर एवं 66 वैशालीनगर के 425 मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने आयुक्त ने निर्देश दिए।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जोनवार बैठक लेकर विकास कार्यो तथा लंबित आवेदनो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार भिलाईनगर विधानसभा के 169 तथा वैशालीनगर विधानसभा के 256 मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था पानी, बिजली, सफाई,शौचालय की जाँच कर लेवें । मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाता के लिए बनाये गये रैम्प तथा रेलिंग सही हो निर्धारित मापदंड के अनुरूप बना हो। वरिष्ठ मतदाता के लिए छाँव तथा बैठने की व्यवस्था हो ।

आयुक्त ने कहा कि मतदान दल के लिए पंखा, कुलर,प्रकाश तथा पीने व निस्तारी पानी की पर्याप्त व्यवस्था केन्द्रों में रहे यह सुनिश्चित कर रखेंगे। सभी केन्द्र प्रभारी भ्रमण कर अपना रिपोर्ट देंगे। आयुक्त ध्रुव समीक्षा बैठक की नवीन व्यवस्था के तहत जोन कार्यालय में स्वयं उपस्थित रह कर प्रत्येक जोन के कार्यो का अलग अलग समीक्षा कर रहे है। बैठक में जोन आयुक्त, अधीक्षण अभियंता,भवन अधिकारी, सहायक अभियंता, उपअभियंता,जोन स्वास्थ अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी सहित जोन के अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# अनुभव के साथ दिशा निर्देशों पर भी गंभीरतापूर्वक दिया जाए ध्यानः एडीएम

## लोकसभा निर्वाचन हेतु गठित ईईएम दल का प्रशिक्षण संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू संचालन हेतु जिले में ईईएम (एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एईओ, अकाउंट टीम) का गठन किया गया है। उक्त गठित दलों का प्रशिक्षण आज बीआईटी दुर्ग में संपन्न हुआ।



प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पूर्व एडीएम अरविन्द एक्का ने अधिकारियों को सौंपे गए कार्य गतिविधियों की बारिकियों को भली-भांति समझने तथा अनुभव के साथ आयोग के दिशा-निर्देशों पर भी गंभीरतापूर्वक ध्यान देते हुए दायित्व निर्वहन करने का सुझाव दिया। ईईएम के नोडल अधिकारी डॉ. दिवाकर सिंह राठौर संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन ने दल के सदस्यों को उनके कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने निर्वाचन व्यय, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का उद्देश्य, वैधानिक प्रावधान, स्टार प्रचारक की सभा रैली के दौरान कार्यवाही, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 तथा ईईएम मैकनिज्म के संबंध में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा ने एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एईओ, अकाउंट टीम के कार्यों तथा जप्ती कार्यवाही के पश्चात् की जाने वाली कार्य गतिविधियों के संबंध में अवगत कराया। इसी प्रकार आयकर अधिकारी श्रीमती रंजनी श्रीकुमार ने चुनाव के दौरान इनकम टैक्स विभाग के कार्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

लीड बैंक मैनेजर दिलीप नायक ने क्यूआर कोड जनरेट करने और बैंकों में कैस ट्रांसफर की जानकारी दी। मनोज चंद्राकर ने ईएसएमएस तथा सी-विजिल अंतर्गत केस अपलोड करने की प्रकिया के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा दल के सदस्यों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, एसडीएम मुकेश रावटे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, नोडल अधिकारी ईईएम डिप्टी कलेक्टर महेश सिंह राजपूत सहित ईईएम (एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एईओ, अकाउंट टीम) दल के अधिकारीगण उपस्थित थे।


# माहेश्वरी सभा ने समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों से मंगाए ऑनलाईन आवेदन

## दुर्ग में 1 व 2 जून को परिचय सम्मेलन का आयोजन, तैयारी में जुटे पदाधिकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के बैनरतले आगामी 1 व 2 जून को दुर्ग के पृथ्वी पैलेस में विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन को जीवनसाथी चयन का नाम दिया गया है। सम्मेलन में सहभागिता के लिए देशभर से माहेश्वरी समाज के युवक-युवतियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए। अब तक 2 सौ से अधिक युवक-युवती पंजीयन करवा चुके है। ऑनलाईन पंजीयन के लिए 15 अप्रैल तक की तिथि निर्धारित की गई है।

यह सम्मेलन अच्छा रिश्ता ढुंढने में समाज के लोगों को मदद करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। जिसके माध्यम से सामाजिक व पारिवारिक माहौल में युवक-युवतियों का परिचय करवाकर उन्हें बेहतर जीवनसाथी चयन करने का अवसर मिल सकें। सम्मेलन में समन्वयक की भूमिका भी अहम होगी। युवक-युवती दोनों पक्षों से एक-एक समन्वयक का नाम देने



भी कहा गया है। दोनो पक्ष संबंधित समन्वयकों से बातचीत कर युवक-युवती के संबंध में आवश्यक जानकारी आसानी से ले सकेंगे। जो विवाह संबंध तय करने मे बड़ा आधार बनेगा। सम्मेलन में समाज के विधवा,विधुर, तलाकशुदा व दिव्यांग सदस्यों से भी ऑनलाईन आवेदन मंगाए गए है। माहेश्वरी सभा द्वारा इस तरह का परिचय सम्मेलन पूर्व भी आयोजित किया गया था। जिसके माध्यम से 30 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे थे। सम्मेलन की तैयारी के लिए समितियों का गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के पदाधिकारी, समिति प्रभारी के अलावा दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा, प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन व युवा संगठन के पदाधिकारी व सदस्य तैयारियों में जुटे हुए है। यह बातें छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा ने शनिवार को मीडिया से चर्चा में कही।

इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री गजेन्द्र चांडक, कोषाध्यक्ष मनोज राठी, संयुक्त मंत्री व कार्यक्रम संयोजक कमल बियानी, राष्ट्रीय विवाह प्रकोष्ठ सदस्य विट्ठलदास भूतड़ा, दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष अशोक राठी, सचिव डॉ. शंकर दम्माणी, उपाध्यक्ष रामदेव टावरी, कोषाध्यक्ष आनंद चांडक, ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रभारी राजकुमार गांधी, जगदीश चांडक भी मौजूद थे। चर्चा में छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा ने बताया कि माहेश्वरी विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का पूर्व में भी आयोजन किया गया था। आयोजन को अच्छा प्रतिसाद मिलने से इस तरह का यह चौथा परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया है।

श्री मुंदड़ा ने कहा कि माहेश्वरी समाज एक समृद्ध समाज है। छत्तीसगढ़ में करीब 27 सौ परिवार निवासरत है। विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन के माध्यम से युवक-युवतियों को बेहतर जीवनसाथी चयन का अवसर मिलता है। श्री मुंदड़ा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सभी समाज में यह विडम्बना है कि युवतियां विवाह कर गांव व छोटे शहर में जाना पसंद नहीं करती है।

# पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने दुर्ग क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विगत दिवस कला मंदिर सिविक सेंटर, भिलाई में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। संभागायुक्त एस.एन. राठौर व्दारा पुलिस एवं प्रशासन व्दारा चुनाव की अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा कर आदर्श आचार संहिता का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित किये जाने, मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक करने, शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये अधिकारियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी।



बैठक के उपरांत जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व्दारा सैकड़ों पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के, आम नागरिकों व्दारा बिना किसी भय के मतदान करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से फ्लेग मार्च किया गया। फ्लेग मार्च के पूर्व रामगोपाल गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज व्दारा फ्लेग मार्च के उद्देश्य से सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अवगत कराया जाकर ब्रीफ कर जवानों को मुस्तैदी से फ्लेग मार्च करने के लिये निर्देशित किया गया।

जो कलामंदिर से होते हुये ग्लोब चौक, सेक्टर-09 अस्पताल तिराहा, 32 बंगला तिराहा, व्हाई शेप ब्रिज से होते हुये दुर्ग क्षेत्र के लगभग सभी मोहल्लों में फ्लेग मार्च किया गया। इस अवसर पर संभागायुक्त एस.एन. राठौर, पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक, दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला, ए.डी.एम. अरविन्द एक्का, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सुखनंदन राठौर एवं अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, जिला दुर्ग तथा चुनाव में संलग्न सेक्टर एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950